संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 110 गुरूवार 20 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### पीएम मोदी समेत नेताओं ने किया मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन

**शिवनेरी,19 फरवरी 2025(ए)।** आज 19 फरवरी, 1630 में शिवनेरी दुर्ग में जन्मे छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मदिन हर साल एक खुशी के रूप में मनाया जाता है। मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले इस वीर सपूत को उनकी बहादुरी और वीरता के लिए पहचाना जाता है। उन्होंने दुश्मनों से युद्ध किया, मराठी और संस्कृत भाषाओं को प्राथमिकता दी और हिंदू रीति-रिवाजों को सुरक्षित रखा।

### एनपीपीए ने दवाइयों एमआरपी में संशोधन के निर्देश दिया

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2025(ए)।** राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने दवा निर्माताओं और विपणन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे उन दवाइयों और फार्मूलेशनों के अधिकतम खुदरा मूल्य में बदलाव करें, जिन पर अब कस्टम ड्यूटी नहीं लागू होगी, जैसा कि इस साल के बजट में घोषणा की गई है। 17 फरवरी को जारी एक कार्यालय ज्ञापन में, नियामक निकाय ने कंपनियों को एक संशोधित मूल्य सूची जारी करने का निर्देश दिया है, जिसमें इन बदलावों को स्पष्ट रूप से दिखाया जाए ताकि डीलरों और नियामकों के लिए पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके, जैसा कि मीडिया में छपी रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है।

### भारत में जल्द ही आएगी कैंसर वैक्सीन




#### खासकर इनके लिए होगा उपलब्ध

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2025(ए)।** कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जो दुनियाभर में तेजी से फैल रही है। खासतौर पर महिलाओं में यह बीमारी अधिक देखी जा रही है। इस घातक बीमारी से लाखों लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने घोषणा की है कि महिलाओं में होने वाले कैंसर से बचाव के लिए एक वैक्सीन अगले पांच से छह महीनों में उपलब्ध हो जाएगी। यह टीका विशेष रूप से 9 से 16 साल की लड़कियों के लिए होगा, जिससे उन्हें स्तन, मुख और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से बचाया जा सकेगा।

#### चुनाव परिणामों के लिए होंगे जिम्मेदार

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2025(ए)।** कांग्रेस पार्टी में हाल ही में हुए बड़े संगठनात्मक बदलाव के बाद, बुधवार

को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शीर्ष पदाधिकारियों के साथ सीधी बातचीत की, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें उनके राज्यों में होने वाले आगामी चुनावों के परिणामों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा और उन्हें विचारधारा से कमजोर लोगों से सतर्क रहने की सलाह दी।

### मौत की सजा का आदेश

#### केवल अस्सी दिनों में आया फैसला, बच्ची से हुआ था बलात्कार

**कोलकाता,19 फरवरी 2025(ए)।** कोलकाता की पॉक्सो कोर्ट ने 7 महीने की बच्ची के बलात्कार के मामले में 34 वर्षीय व्यक्ति को मृत्युदंड दिया। कोलकाता में एक पॉक्सो कोर्ट ने 34 वर्षीय व्यक्ति राजीब घोष को

7 महीने की बच्ची के बलात्कार के लिए मृत्युदंड सुनाया,जो कि महज 80 दिनों में पूरा हुआ न्यायिक प्रक्रिया है। जज ने इस मामले को दुर्लभ में से दुर्लभ करार दिया और पीड़िता को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया, जोर देते हुए कि शारीरिक रिकवरी के बावजूद मानसिक पीड़ा जीवन भर रहेगी।

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री

» मुख्यमंत्री पद हेतु शपथ ग्रहण आज

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2025 (ए)।** रेखा गुप्ता दिल्ली की अगली मुख्यमंत्री होंगी। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, आतिशी के बाद रेखा दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी। जैसे ही रेखा गुप्ता के सीएम बनने की खबर आई शालीमार बाग से विधायक रेखा के घर पर समर्थकों का तांता लग गया। मिठाइयां बंटने लगी हैं। रेखा गुप्ता पहली बार विधायक बनी हैं। मनोज तिवारी ने बैठक से आकर रेखा गुप्ता को बधाई दी।

इससे पहले भाजपा विधायक दल की बैठक में 48 विधायक, दिल्ली के 7 सांसद, 2 पर्यवेक्षक, 3 प्रभारी और सह प्रभारी के अलावा दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष, दिल्ली महासचिव, संगठन मंत्री समेत कुल मिलाकर 65 लोग मौजूद थे. गौर करने वाली बात यह है कि 11 फरवरी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 10 नवनिर्वाचित विधायकों से मुलाकात की थी। इन विधायकों में विजेंद्र गुप्ता, रेखा गुप्ता, अरविंदर सिंह लवली, अजय महावर, सतीश उपाध्याय, शिखा राय, अनिल शर्मा और डॉ. अनिल गोयल, कपिल मिश्रा और कुलवंत राणा शामिल थे। शपथ ग्रहण समारोह दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाजपा के कई दिग्गज नेता शामिल होंगे. शपथ ग्रहण समारोह आज सुबह 11 बजे शुरू होगा।

#### दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पर रेखा गुप्ता ने तोड़ी चुप्पी

भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री के नाम से पर्दा उठ गया। रेखा गुप्ता का नाम चर्चा में आया है। अब मुख्यमंत्री की दावेदारी को लेकर रेखा गुप्ता ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। रेखा गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यहां किसी की कोई दावेदारी नहीं है। मीडिया में ही नामों को लेकर चर्चा हो रही है। भाजपा में संगठनात्मक निर्णय ही अंतिम होता है। पार्टी के द्वारा जिसको भी जिम्मेदारी दी जाएगी, वह समर्पित होकर काम करेगा।

#### दिल्ली में सीएम पर हलचल तेज,प्रसाद से मिले ओम प्रकाश

भाजपा के महासचिव ओम प्रकाश धनखड़ भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के घर पहुंचे। दोनों नेताओं को भाजपा संसदीय बोर्ड ने दिल्ली में विधायक दल का नेता चुनने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस तरह से देखें तो प्रक्रिया शुरू हो गई है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बताया है कि थोड़ी देर बाद शाम 7 बजे पार्टी के दो केंद्रीय पर्यवेक्षक दिल्ली विधायक दल का नेता चुनने के लिए आएं और वे सीएम के नाम की घोषणा किए। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री, कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री, पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व, ऑटो-रिक्शा चालक, मजदूर और नागरिक समाज के कुछ जाने-माने लोग कल शपथ समारोह में शामिल होंगे।

#### ऐलान में वक्त पर बीजेपी ऑफिस पर बज रहा ढोल

हां, दिल्ली भाजपा ऑफिस के बाहर लोग जश्न के मूड में दिखे। ढोल-नगाड़े की आवाज के बीच कुछ लोग नाचते भी दिखे। शहनाई की धुन भी सुनी गई यह खुशी दिल्ली में भाजपा की जीत के साथ नए सीएम की चर्चाओं को लेकर है। आज यानी 20 फरवरी को शपथ ग्रहण होगा।

#### शपथ ग्रहण से पहले दिल्ली पुलिस ने क्या एडवाइजरी जारी की

रामलीला मैदान में दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए यातायात परिवर्तन और प्रतिबंधों के संबंध में पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी की है। इस परामर्श में कहा गया कि समारोह बृहस्पतिवार को होगा। रामलीला मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में कई वीवीआईपी/वीआईपी शामिल होंगे। बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की भी उम्मीद है। एडवाइजरी में कहा गया है कि इस आयोजन के दौरान कुछ रास्तों पर गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जाएगा और यातायात प्रतिबंध लागू किए जायेंगे। सुभाष पार्क टी-प्वाइंट, राजघाट, दिल्ली गेट, आईटीओ, अजमेरी गेट, रणजीत सिंह फ्लाईओवर, भभूति मार्ग-डीडीयू मार्ग रेड लाइट और झंडेवालान के आसपास से यातायात का मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। आज सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक बीएसजेड मार्ग (आईटीओ से दिल्ली गेट), जेएलएन मार्ग (दिल्ली गेट से गुरु नानक चौक), अरुणा आसिफ अली रोड, मिंटो रोड से कमला मार्केट के गोल चक्कर से हमदर्द चौक, रणजीत सिंह फ्लाईओवर से तुर्कमान गेट और अजमेरी गेट से कमला मार्केट के गोल चक्कर और आसपास के इलाकों में यातायात संबंधी पाबंदियां लागू की जा सकती हैं।

#### नई सुबह के साथ होगा नए युग में प्रवेश

दिल्ली सीएम के ऐलान पर बीजेपी नेता अजय आलोक ने कहा कि, आज एक नई सुबह के साथ दिल्ली एक नए युग में प्रवेश करेगी और बीजेपी एक नए चेहरे, रंग, तेवर और प्रतिबद्धता के साथ दिल्ली में सरकार बनाएगी. दिल्ली को वास्तव में देश की राजधानी की तरह विकसित किया जाएगा.

#### पार्टी के आदेशों का करूंगा पालन

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज करने वाले मोहन सिंह बिष्ट ने खुद को पार्टी का अनुशासित सिपाही बताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी आदेशों का वह पूरी तरह से पालन करेंगे। वह मुख्यमंत्री की दौड़ में नहीं शामिल हैं।

#### शपथ समारोह में शामिल नहीं होंगे सीएम योगी

जानकारी के मुताबिक शपथ ग्रहण में यूपी के सीएम योगी शामिल नहीं होंगे। हालांकि सीएम योगी ने दिल्ली जीत की बधाई दी है और यूपी विधानसभा में आज बजट पेश होने के कारण शपथ में नहीं आ पाने की अनुमति भी मांगी है।

### शपथ ग्रहण समारोह का मिनट टू मिनट शेड्यूल आया

दिल्ली में 20 फरवरी को मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर निमंत्रण की पहली कॉपी सामने आई है। इस निमंत्रण पत्र में मुख्य सचिव की तरफ से सभी लोगों को समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। निमंत्रण पत्र के मुताबिक, यह शपथ ग्रहण समारोह दिल्ली के रामलीला मैदान में दोपहर 12 बजे होगा। इसके साथ ही शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले लोगों के लिए कुछ दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। इसके मुताबिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले इच्छुक सुबह 11 बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे। यह निमंत्रण पत्र केवल एक ही व्यक्ति के लिए वैध है। वहीं, शपथ ग्रहण समारोह को लेकर पूरा टाइमटेबल भी सामने आया है जिसके मुताबिक, 11-12 बजे के बीच शपथ समारोह के गेस्ट आएंगे और अपनी सीट लेंगे। 12:10 बजे मनोनीत मुख्यमंत्री और मनोनीत मंत्री आएंगे। 12:15 बजे एलजी शपथ समारोह में पहुंचेंगे। 12:20 बजे केंद्रीय गृह मंत्री और अन्य नेता पहुंचेंगे। 12:25 बजे प्रधानमंत्री मोदी आएंगे. वहीं, 12:30 बजे बैंड की धुन पर राष्ट्रगान होगा। 12.35 बजे एलजी मुख्यमंत्री को शपथ दिलाएंगे।

### ज्ञानेश कुमार ने संभाला भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2025(ए)।** 17 फरवरी 2025 को कानून और न्याय मंत्रालय की गजट अधिसूचना के अनुसार, ज्ञानेश कुमार ने आज भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला है। अपना पदभार ग्रहण करने के बाद, श्री ज्ञानेश कुमार ने मतदाताओं को संदेश देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण का पहला कदम मतदान है और भारत के हर नागरिक जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है, उसे मतदाता बनना चाहिए और हमेशा मतदान करना चाहिए।उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत के संविधान, चुनावी कानून, नियम और उनके अंतर्गत जारी निर्देशों के अनुसार, चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा।

### राज्य सरकार ने किया गुटखा और पान मसाले को बैन

» क्या लागू हो पायेगा ? लोग पूछ रहे

» झारखंड में गुटखा और पान मसाले पर प्रतिबंध, कड़ी कार्रवाई का निर्णय

**रांची,19 फरवरी 2025 (ए)।** झारखंड सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, प्रदेश में गुटखा और पान मसाले की बिक्री, भंडारण और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि यह निर्णय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वस्थ झारखंड के विजन को साकार करने के लिए उठाया गया है।डॉ. अंसारी ने इस प्रतिबंध को एक कठोर कदम बताते हुए कहा, स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ अस्वीकार्य है। गुटखा और पान मसाले के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारियाँ फैल रही हैं। हमारे युवा मृत्यु की ओर बढ़ रहे हैं, और मैं इसे नहीं देख सकता। एक डॉक्टर होने के नाते, मैं जानता हूं कि यह जहर कितना नुकसानदेह है। जनता ने मुझे स्वास्थ्य मंत्री बनाया है, तो मेरा पहला कर्तव्य उनके जीवन की रक्षा करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुटखा या पान मसाला बेचने, भंडारित करने या सेवन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। गुटखा माफिया और अवैध विक्रेताओं पर विशेष नजर रखी जाएगी। किसी भी दुकान, गोदाम या व्यक्ति के पास ये उत्पाद मिलने पर न केवल कानूनी कार्रवाई होगी, बल्कि गोदाम भी सील किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को इस नियम का कठोरता से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हिस्ट्रीशीटर को बीच सड़क पर गोलियों से किया छलनी

#### विरोध में सड़क पर उतरे लोग

**जमशेदपुर,19 फरवरी 2025(ए)।** जमशेदपुर शहर के धतकीडीह मेन रोड में बुधवार को अपराधियों ने शिवम घोष नामक युवक को गोलियों से छलनी कर दिया। शिवम खुद कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा था। वह हत्या सहित कई वारदातों में पूर्व में जेल जा चुका था। भीड़-भाड़ वाले इलाके में दिनदहाड़े हुई इस वारदात से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। बताया गया कि शिवम अपने दोस्तों के साथ पैदल कहीं जा रहा था। इसी दौरान स्कूटी पर सवार अपराधियों ने उसे रोका और इसके बाद उसे कई गोलियां मारी गईं। उसके जमीन पर गिरते ही अपराधी फरार हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने उसे तत्काल टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की जानकारी इलाके में फैलते ही लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। धतकीडीह मुखी बस्ती के सैकड़ों लोग सड़क पर उतर गए और धतकीडीह से कदमा जाने वाली मुख्य सड़क को जाम कर दिया। लोग अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इसके बाद सिटी एसपी कुमार शिवाशीष घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराया। करीब एक घंटे के बाद जाम हटा लिया गया।

### एयरपोर्ट पर विदेशी महिला गिरफ्तार

#### पेट से निकले साढ़े 5 करोड़ के कोकीन से भरे कैप्सूल

**मुंबई,19 फरवरी 2025(ए)।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक कांगो नागरिक (महिला) को भारत में कोकीन की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोकीन को कैप्सूल्स के रूप में तस्करी करके लाया जा रहा था, जिन्हें महिला यात्री ने निगल लिया था। यात्री को

अस्पताल में भर्ती कराया गया और कैप्सूल्स में मौजूद कोकीन को निकाला गया। डीआरआई अधिकारियों को कोकिन की तस्करी की गुप्त जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर अधिकारियों ने किंशासा से मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंची महिला को रोका। पूछताछ में यात्री ने भारत में तस्करी के लिए मादक पदार्थों से युक्त कैप्सूल खाने की बात स्वीकार की। आरोपी यात्री को तुरंत एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी महिला को गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। अदालत के आदेश पर उसे पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे पेट में मौजूद 10 कैप्सूल्स को निकाला। कैप्सूल्स में से 544 ग्राम कोकीन बरामद की गई है। बाजार में इसकी कीमत लगभग 5 करोड़ 44 लाख रुपये बताई जा रही है।

### सपा नेता आजम खां का बेटा 16 माह बाद आएगा जेल से बाहर

**रामपुर,19 फरवरी 2025(ए)।** सपा नेता आजम खां के बेटे एवं 16 महीने से जेल में बंद समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को आज जमानत दे दी गई। करीब 45 मुकदमों में बेल बॉन्ड जमानती भरने के बाद उनकी रिहाई हो सकेगी। अब्दुल्ला आजम हरदोई की जेल में बंद हैं। आज उन्हें कस्टोडियन संपत्ति के मामले में रिकॉर्ड्स खुर्द बुर्द करने के मामले में जमानत दे दी गई। एमपी एमएलए कोर्ट के जज शोभित बंसल ने जमानत के आदेश दिए हैं।अब्दुल्ला आजम के वकील जुबैर अहमद खान ने बताया कि उनकी जमानत मंजूर हो गई है। जमानत की प्रक्रिया पूरी कर वह जल्द जेल से बाहर आ सकेंगे। अब्दुल्ला आजम के सभी मामलों में बेल बॉन्ड भरे जाएंगे। इससे अब्दुल्ला की रिहाई होगी।

### जिंदा मिली हार्ट अटैक से मरी दुल्हन

» इस वजह से रची थी मौत की झूठी कहानी

» ब्यूटी पॉर्लर से ऐसे खुली पोल

» उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले का है मामला

» शादी नहीं करना चाहती थी युवती

» महिला मित्र के साथ हो गई थी फरार

**मुजफ्फरनगर,19 फरवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। शादी से पहले हार्ट अटैक से जिस दुल्हन की मौत की खबर आई थी, वह फिर से जिंदा हो गई। इतना ही नहीं उन्होंने ऐसा काम किया, जिसे जानकर आप दंग रह जाएंगे। जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने दुल्हन और एक अन्य को हिरासत में ले लिया है। दरअसल, मुजफ्फरनगर जिले में शादी से कुछ घंटे पहले ब्यूटी पार्लर में सजने गई दुल्हन होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. सुषुम्ना शर्मा को दिल का दौरा पड़ने की खबर ने सबको सन्न कर दिया। परिजन गंभीर हालत में मेरठ लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। दुल्हन की मौत की खबर से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। मैरिज होम में ताला लग गया। दूल्हे के घर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस जांच में पता चला कि दुल्हन अपनी एक महिला मित्र के साथ चली गई थी और मौत की झूठी खबर फैला दी। फिलहाल पुलिस ने दोनों को झांसी से बरामद कर लिया है।

### बीएसएफ ने 1.48 करोड़ के सोने के साथ तस्कर को पकड़ा

**नदिया,19 फरवरी 2025(ए)।** पश्चिम बंगाल के नदिया में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सोने की तस्करी के एक बड़े प्रयास को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने नाकाम कर दिया। जवानों ने बांग्लादेश से भारत में तस्करी की कोशिश कर रहे एक भारतीय को चार सोने की छड़ें, पांच सोने के बिस्कुट और एक छोटे सोने के टुकड़े के साथ गिरफ्तार किया।

# संपादकीय

## मध्यस्थता रचनात्मक समाधान

प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा है कि सभी विवाद अदालत और मुकदमेबाजी के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थता भी समस्या के निवारण का तरीका है क्योंकि यह रचनात्मक समाधान प्रदान करती है और संबंधों को मजबूत करती है। सीजेआई ने नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में कहा कि प्रत्येक मामले को कानूनी मुद्दे की नजर से नहीं,बल्कि मानवीय पहलू के रूप में भी देखा जाना चाहिए। भारतीय कानूनी सहायता का स्वरूप शायद दुनिया में सबसे मजबूत है, जहां सभी हितधारकों को सहायता दी जाती है।सीजेआई का यह कहना उचित है कि मध्यस्थता रचनात्मक समधान है। ऐसा इसलिए कि इससे प्रतिकूल फैसला आने के बाद भी लोगों के परस्पर संबंध सौहार्दपूर्ण बने रहते हैं। संघर्ष को कुशलतापूर्वक खत्म किया जा सकता है। इस विकल्प को अपनाया जाना सामाजिक ताने बाने को बिखरने नहीं देता। ऐसा किया जाता है तो अदालतों में मुकदमों का जो अंबार लगा है, उसमें भी खासी कमी आ सकती है। न्यायिक प्रणाली पर अरसे से लंबित मामलों के बोझ से काफी हद तक निजात मिल सकेगी। फिर, जैसे-जैसे हमारी समस्याएं और अधिक गतिशील होती जा रही हैं, उनके समाधान की आवश्यकता और अधिक लचीली होनी चाहिए जिसकी तरफ सीजेआई ने भी ध्यान आकर्षित किया है। मध्यस्थता के लिए भारतीय समाज में मुफीद जमीन अनंतकाल से मौजूद रही है। साहित्य और लोक जीवन में मिल-बैठकर मामलों को सुलझाने के दृष्टांत सहज ही खोजे जा सकते हैं। कहना न होगा कि पंच परमेर की धारणा भारतीय जनमानस में गहरे पैठी है। जरूरी है कि इसके प्रति अपने आग्रह को प्रेरित बनाए रखा जाए। इस भावभूमि से विचलन ने हमारी समस्याएं बढ़ाई हैं और हमे न्याय पाने में बेवजह की देरी से दोचार होना पड़ता रहा है। इससे उस सिद्धांत की भी अनदेखी हुई है, जिसमें कहा गया है कि विलंब से मिले नयाय का न्याय न मिलने के तुल्य होता है। आज चुनौतियां से पहले से कहीं विकट हैं। पर्यावरणीय चिंताओं, मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय से जुड़ा एक पूरा परिदृश्य ही हमारे सामने उभर आया है। जरूरी है कि कानूनी तकनीकी शब्दावली के पचड़े बिना मानवीयता और रचनात्मकता को तरजीह मिले।

# हिंदवी स्वराज जनकःछत्रपति शिवाजी महाराज

**हेमेन्द्र क्षीरसागर,**
बालाघाट, मध्यप्रदेश

हिंदवी स्वराज प्रणेताः श्रीमंत योगी छत्रपति शिवाजी महाराज निर्विवाद रूप से 1674-1680 तक भारत के सबसे महान राजाओं में से एक हैं। उनकी युद्ध प्रणालियाँ आज भी आधुनिक युग में अपनायीं जातीं हैं। उन्होंने अकेले दम पर मुग़ल सल्तनत को चुनौती दी थी। शाश्वत, माता जीजा बाई, पिता शाहजी भोंसले के पुत्र शिवाजी भोंसले का अवतरण 19 फरवरी, 1630 को पावन धरा शिवनेरी किला, पुणे जिला, महाराष्ट्र में हुआ था। जीवन साथी साई बाई, सोयारा बाई, पुतला बाई, सकवर बाई,लक्ष्मीबाई, काशीबाई। उनकी संभाजी, राजाराम, सखु बाई निम्बालकर, रणु बाई जाधव, अंबिका बाई महादिक और राजकुमार बाई शिर्के संतानें थी। अपनी बहादुरी, रणनीति और प्रशासनिक कौशल के लिए प्रसिद्ध, परम प्रतापी योद्धा शिवाजी महाराज ने 3 अप्रैल, 1680 को कैसे प्राण त्यागे असंमजस है।

### कुशल सेनापति

प्रेरक, शिवाजी भोंसले को पूना में उनकी माँ और काबिल ब्राह्मण दादाजी कोंडा-देव की देखरेख में पाला गया। जिन्होंने उन्हें एक विशेषज्ञ सैनिक और एक कुशल प्रशासक बनाया था। शिवाजी महाराज, गुरु रामदास से धार्मिक रूप से प्रभावित थे, जिन्होंने उन्हें अपनी मातृभूमि पर गर्व करना सिखाया था। 17 वीं शताब्दी की शुरुआत में नए योद्धा वर्ग मराठों का उदय हुआ। जब पूना जिले के भोंसले परिवार को सैन्य के साथ-साथ अहमदनगर साम्राज्य का राजनीतिक लाभ मिला था। भोंसले ने अपनी सेनाओं में बड़ी संख्या में मराठा सरदारों और सैनिकों की भर्ती की थी जिसके कारण उनकी सेना में बहुत अच्छे लड़ाके सैनिक हो गये थे। शिवाजी एक न केवल एक कुशल सेनापति, एक कुशल रणनीतिकार और एक चतुर कूटनीतिज्ञ था बल्कि एक कट्टर देशभक्त भी थे। उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए औरंगजेब जैसे बड़े मुग़ल शासक से भी दुश्मनी की थी।

### भारतीय नौसेना के पिता

प्रासंगिक, शिवाजी बहुत बुद्धिमान थे और उन्हे यह कतई मंजूर नहीं था की लोग जात पात के झगड़ों में उलझे रहे। वह किसी भी धर्म के खिलाफ नही थे। उनका नाम भगवान शिव के नाम से नही अपितु एक क्षेत्रीय देवता शिवाई से लिया गया है। उन्होंने एक शक्तिशाली नौसेना का निर्माण किया था। इसलिए उन्हें भारतीय नौसेना के पिता के रूप में जाना जाता है। अपने प्रारंभिक चरणों में ही उनको नौ सैनिक बल के महत्व का एहसास हो गया था। क्योंकि उन्हें यकीन था कि यह डच, पुर्तगाली और अंग्रेजों सहित विदेशी आक्रमणकारियों से स्वतंत्र रखेगा। समुद्री डाकुओं से कोंकण तट की भी रक्षा करेगा। यहाँ तक कि उन्होंने जयगढ़, विजयदुर्ग, सिन्धुदुर्ग और अन्य कई स्थानों पर नौसेना किलों का निर्माण किया।

### निःशुल्क राज्य की स्थापना

आदर, शिवाजी महिलाओं के सम्मान के कट्टर समर्थक थे। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ दृढ़ता से उन पर हुई हिंसा या उत्पीड़न का विरोध किया था। उन्होंने सैनिकों को सख्त निर्देश दिये थे कि छापा मारते वक्त किसी भी महिला को नुकसान नही पहुचना चाहिए। यहा तक कि अगर कोई भी सेना में महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन करते वक्त पकड़ा गया तो गंभीर रूप से उसे दंडित किया जाएगा। उनकी खासियत थी की वह अपने राज्य के लिए बादमें लड़ते थे पहले भारत के लिए लड़ते थे। उनका लक्ष्य था निः शुल्क राज्य की स्थापना करना और हमेशा से अपने सैनिकों को प्रेरित करना की वह भारत के लिए लड़े और विशेष रूप से किसी भी राजा के लिए नहीं। अतुलनीय, छत्रपति शिवाजी महाराज के विराट व्यक्तित्व, कृतित्व, अस्तित्व और उनके महान अवदान को भारत वर्ष कभी नहीं भूल पाएगा।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत

स्तुत्य, हिंदवी स्वराज के जनक छत्रपति शिवाजी महाराज ने हमेशा भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा। आज एक भारत-श्रेष्ठ भारत की दृष्टि में शिवाजी महाराज के विचारों का ही प्रतिबिंब देखा जा सकता है। सैंकड़ों वर्षों की गुलामी ने देशवासियों से उनका आत्मविश्वास छीन लिया था। ऐसे समय में लोगों में आत्मविश्वास जगाना एक कठिन कार्य था। उस दौर में छत्रपति शिवाजी महाराज ने ना केवल आक्रमणकारियों का मुकाबला किया बल्कि जन मानस में यह विश्वास भी कायम किया कि स्वयं का राज संभव है। फलीभूत स्वाधीनता के अमृत काल में राष्ट्रीय एकता- अखंडता, सांस्कृतिक, उत्कर्ष को लेकर शिवाजी महाराज का जीवन चरित्र राष्ट्र निर्माण, पुनरुत्थान के लिए सदा-सर्वदा अनुकरणीय और कालजयी रहेगा। जय शिवाजी!

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक मजबूत और रचनात्मक विपक्ष आवश्यक है

**प्रियंका सौरभ**
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

विपक्ष एक आवश्यक प्रहरी है जो एक समृद्ध लोकतंत्र में सरकार की शक्ति पर नियंत्रण और संतुलन सुनिश्चित करता है। यह विभिन्न दृष्टिकोणों को व्यक्त करने, समाज के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने तथा सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक है। सहिष्णुता, वास्तविक राजनीतिक विरोध, तथा विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने की नागरिकों की क्षमता में विश्वास, ये सभी लोकतंत्र के लिए पूर्वापेक्षाएँ हैं। एक कमजोर और बिखरा हुआ विपक्ष चुपचाप खड़ा रह सकता है और बहुमत वाली पार्टी की तानाशाही और मनमर्जी को तानाशाही स्थापित करने की इजाज़त दे सकता है। यद्यपि सरकार के सुचारू संचालन के लिए एक स्वस्थ विपक्ष आवश्यक है, ताकि कभी-कभार होने वाली ज्यादतियों का प्रतिकार किया जा सके और अवरोधों को रोका जा सके, किन्तु विपक्ष की अनुपस्थिति समग्र रूप से लोगों की स्वतंत्रता और जीवन को खतरे में डाल देगी तथा कानून के शासन को भी ख़तरा पहुँचाएगी।

लोकतंत्र को मज़बूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास। संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दर्शाती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपात पूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएँ अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं।

सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक मज़बूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए,अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किये। वे बड़ी सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। विधेयक पर बात-चीत करते हुए उसे समाप्त कर देना या विधेयक पर बात न करना का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बर्बादी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। मज़बूत विपक्ष के अभाव में वर्तमान सरकार निरंकुश और गैर-जवाबदेह हो जाती है और वह ऐसे कानून बना सकती है जो कुछ लोगों या किसी विशिष्ट जनजाति

या समूह को लाभ पहुँचाते हैं। जैसा कि कहा गया है, सत्ता भ्रष्ट करती है और खेद की बात है कि ऐसा होता भी है। अतीत के कथित परोपकारी राजा वास्तव में अधिकार के पदों पर नहीं थे। 1960 के दशक में पहली बार नाइजीरियाई सैन्य अधिग्रहण से पहले, देश में मज़बूत विपक्ष था। हालांकि, फूट डालो और राज करो की रणनीति, तथा देशद्रोह के आरोप में नेता को जेल में डालकर इसे कुचलने में सफल रहे।

परिणामस्वरूप, लोगों ने उन सभी लोगों को मार डाला जिन्हें वे भ्रष्ट मानते थे, क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है और सरकार गैर-जवाबदेह और भ्रष्ट हो गई है। इसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ। मुख्यतः एक विशिष्ट जनजाति से सम्बंधित राजनेताओं की हत्या के बाद गृहयुद्ध छिड़ गया। भले ही नेता को यह विश्वास हो कि वह लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्य कर रहा है, लेकिन यदि मामले में उनकी कोई बात नहीं सुनी जाएगी तो लोग उत्पीड़ित महसूस करेंगे। किसी वर्तमान या भूतपूर्व नेता द्वारा जनता के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करने तथा अपने कार्यों के लिए उत्तरदायी ठहराए जाने की क्षमता अद्भुत है। सभी तानाशाह प्रेस में किसी भी प्रकार की असहमति को दबाने से शुरुआत करते हैं, जो एक अन्य महत्त्वपूर्ण तत्व है। इसके बाद उन्हें गैर-सरकारी संगठनों पर हमला करने का अवसर मिलता है। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर ज़ोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीक़ा है। संसदीय चर्चाओं में पुराने ज़माने के दोषारोपण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चर्चाएँ फलदायी बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मज़बूत किया जाना चाहिए।

तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नकाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चर्चाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है; अन्यथा,उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की ज़रूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी।

प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुँचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है। भारत में विपक्ष को मज़बूत करने के लिए सिर्फ़ राजनीतिक दलों को ही नहीं, बल्कि समग्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को मज़बूत करना होगा। महत्त्वपूर्ण नीतियों में पार्टियों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को बढ़ावा देना, मीडिया तक समान पहुँच प्रदान करना और राज्य निधि का आवंटन शामिल है। लोकतंत्र को गतिशील, उत्तरदायी और जवाबदेह बनाने के लिए एक मज़बूत और सफल विपक्ष का होना आवश्यक है।

## कविता
## बिगड़ैल लड़की

घटती-घटना



मांडवी सिंह
छपरा,रामकोला
कुशीनगर,उत्तरप्रदेश

बरसों की प्यास में,जीवन की तलाश में,
चलते-चलते न जाने कहां जा पहुंची?
सहसा।ठहर गई,और जीवन को देखा,
इस कलयुग में,जहां जीवन कुछ ऐसा दिखा।
जीवन मेरा वनवास था, चारों तरफ रवण रज था,
राम लक्ष्मण का ना साथ था,स्वयं की
मर्यादा भी, बचाने का सवाल था?
फिर सीता जैसी मर्यादित नारी बन कहां रह पाती ?
क्योंकि मेरे साथ राम जैसा नही संरक्षक था,
और ना ही लक्ष्मण जैसा पहरेदार था।
हनुमान जैसा भी कोई भक्त,कहां था मेरे पास,
जिसके सहारे अशोक वाटिका,
जैसे सजे-धजे इस कलयुगी,
संसार को तहस-नहस कर,
हनुमान के हृदय में छिपकर,वापस आ जाती।
रावण की लंका से,अपनी स्मिता बचाकर।
इसलिए मुझे बनना पड़ बहरूपिया और लेना पड़,
सीता के संस्कार को उतार कर
एक बिगड़ैल लड़की का रूप।
पर यह बिगड़ैल लड़की भी
सीता की पवित्रता को बचाने के लिए ही
बन पड़ी थी बिगड़ैल लड़की।
जहां सीता की नजरे, मर्यादा में झुकी रहीं,
वहां इस बिगड़ैल लड़की की,
नज़रे अपनी मर्यादा को बचाने के लिए
लोगों की नजरों से बेखौफ नजर मिलाती है।
ताकि वह पहचान सके लोगों के नजरों में
बसे हुए वासना को और
बचा सके अपनी स्मिता को।
जहां सीता के हाथ मर्यादित होते हुए करबद्ध हैं,
वहां इस लड़की ने अपनी
मर्यादा को बचाने के लिए
अपने हाथों को फौलाद-सा बना लिया है।
ताकि वह तोड़ सके उन हाथों को
जो उसकी लज्जा को तार-तार करने के लिए
आगे बढ़ाए गए हों।
जहां सीता की आवाज मर्यादित होते हुए,
कोयल की तरह मीठे स्वर धारण किए हुए है।
वहां इस बिगड़ैल लड़की ने अपनी
मर्यादा को बचाने के लिए
शेरनी जैसा दहाड़ना सीख लिया है।
ताकि उसकी दहाड़ से,इस कलयुग के रवण को,
उसकी स्मिता को तार-तार करने कीजुर्रत ना हो।
अब फिर ना देना पड़े किसी सीता को
अग्नि परीक्षा।
दुबारा किसी सीता को
इस धरती के गर्भ गृह में
न लेना पड़े शरण।इसलिए इस कलयुग में
हर लड़की को लेना पड़ेगा अवतार
एक बिगड़ैल लड़की का।
ताकि वह अपनी स्मिता कों
रख सके जीवित।

# वैश्विक स्तर पर मोदी और प्रादेशिक फलक पर डंका बजाते मोहन

एक ओर जहां अमेरिका सहित वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का डंका बज रहा है तो वहीं प्रदेश के फलक पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और मुख्यमंत्री को पक्का भरोसा है कि उद्योगों के प्रति मित्रवत नीति एवं नवाचार से प्रदेश में निवेश के विस्तार को पंख लग जायेंगे और यह एक नया औद्योगिक हब बनेगा। अभी तक मध्यप्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक राजधानी के रुप में इंदौर तथा संस्कारधानी के रुप में जबलपुर की पहचान थी, अब औद्योगिक राजधानी के रुप में ताल-तलैयों व शैल-शिखरों की नगरी भोपाल को भी एक नई पहचान मिलने जा रही है। इन प्रयासों को जमीनी धरातल पर उतारने में डॉ. यादव महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्हाइट हाउस में बड़े ही गर्मजोशी के साथ मुलाकात हुई और न केवल दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया बल्कि ट्रम्प ने यह भी माना कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को मिस किया है। टेरिफ मामले को लेकर मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने मोदी को एक टफ नेगोशिएटर निरुपित किया। इस अवसर हुई बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार, रक्षा सहयोग और आतंकवाद विरोधी रणनीति के साथ ही साथ ऊर्जा साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा और रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत धरातल पर उतारने के मामले में अपनी सहमति जताई। अमेरिका और भारत ने इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने का फैसला किया है और दोनों देशों ने आतंकवादी संगठनों के वित्त पोषण को रोकने, खुफिया जानकारी साझा करने, वैश्विक आतंकवाद को राकने में सहयोग बढ़ाने की बात कही। ट्रम्प का कहना था कि कट्टरपंथी आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए

खतरा है और इसे रोकने के लिए दोनों देशों का गठबंधन महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि अमेरिका में भारतीय समुदाय की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लॉस एंजिलिस और बॉस्टन में नये भारतीय वाणिज्य दूतावास खोले जायेंगे। इससे भारतीय प्रवासियों को कांसुलर सेवाओं का लाभ मिलेगा और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यावसायिक संबंध और मजबूत होंगे।अडानी मामले में मोदी-राहुल आमने-सामनेअमेरिका में अडानी समूह को लेकर पूछे गये सवाल पर मोदी ने जो उत्तर दिया उसको लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में सवाल पूछो तो चुप्पी और विदेश में पूछो तो निजी मामला। अमेरिका में भी पीएम मोदी ने अडानी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया। जब मित्र की जेब भरना मोदी के लिए राष्ट्र निर्माण है तब रिश्वतखोरी और देश की सम्पत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है। अमेरिका में जब मीडिया के सामने ट्रम्प और मोदी रुबरु हो रहे थे उस समय अडानी समूह को लेकर अमेरिका में चल रहे विवाद पर सवाल किया गया कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ कारोबारी गौतम अडानी के खिलाफ मामले पर चर्चा हुई है, तब मोदी का उत्तर था कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की है, दुनिया को हम एक परिवार मानते हैं, हर भारतीय को भी मैं अपना मानता हूं, ऐसे व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देशों के मुखिया न मिलते हैं न बैठते हैं न बात करते हैं।न्यायिक अकादमी में धनखड़ न्यायिक अकादमी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने साफतौर पर कहा कि हम एक सम्प्रभु राष्ट्र हैं, हमारी सम्प्रभुता लोगों में निहित है। लोगों द्वारा दिया गया संविधान इस सम्प्रभुता को अभेद्य बनाता है। किसी भी कार्यकारी नियुक्ति में भारत के मुख्य न्यायाधीश को कैसे शामिल कर सकते हैं, हमारे देश में या किसी भी लोकतंत्र में क्या कोई कानूनी तर्क हो सकता है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को सीबीआई निदेशक के चयन में भागीदारी करनी चाहिये। क्या इसके लिए कोई कानूनी आधार हो सकता है मैं समझ सकता हूं कि यह विधायी प्रावधान इसलिए अस्तित्व में आया कि उस समयज्ञ की कार्यकारी सरकार ने न्यायिक निर्णय को स्वीकार किया, लेकिन अब समय आ गया है कि इसे फिर से देखा जाए। धनखड़ का कहना था कि हमारा संविधान सामंजस्य और सहकारी दृष्टिकोण की कल्पना करता है, न्यायिक सम्मान और विनम्रता यह मांग करती है।

**-अरुण पटेल-**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

CMYK

# भाजपा के हर पार्षद प्रत्याशी को दिए गये एक-एक लाख रुपये,टीएस सिंहदेव ने गिनाई कांग्रेस के हार की वजहें

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में अभी फिलहाल नगरी निकाय चुनाव हुआ है जिस्म में बीजेपी और कांग्रेस का बहुत बड़ा टक्कर चल रहा था और इस नगरी निकाय चुनाव में कांग्रेस को कारी शिकायत का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि कांग्रेस की हर हो चुकी है और बीजेपी आगे है।

इस हार को लेकर इस राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम ने एक बयान दिया है और उन्होंने बताया है कि कांग्रेस की हार के पीछे कई महत्वपूर्ण कारण है जिससे कि कांग्रेस की हार हुई है अगर यह गलतियां नहीं होती तो हार नहीं होती जिसमें एंटी इनकंबेंसी,परिसीमन कॉम और वोटर लिस्ट की खामियां प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं। अगर यह सब गलतियां नहीं होती तो शायद पराजय नहीं हुआ रहता तो सबसे बड़ी गलती यही है।

और पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि और आरोप लगाया भाजपा ने चुनाव में अपनी पूरी ताकत सकती थी और संसाधनों का भरपूर उपयोग किया था इसी वजह से बहुत बड़ी जीत हासिल किया गया है भाजपा के द्वारा बिलासपुर के कार्यकर्ता से एक जानकारी मिली है उसमें से सिंह देव ने कहा है ।

कि भाजपा के प्रत्याशी ने अपने खातों में एक ?100000 जमा करवाएं और उन्होंने अभी कहा कि उन्होंने पहले कभी नहीं सुना था कि परफेक्ट चुनाव में इतनी बड़ी धनराशि दी जाती है इस प्रकार से भाजपा के द्वारा पूरी ताकत झोंक दी गई थी और बहुत बड़ी जीत हासिल की गई है भाजपा के द्वारा।

### भाजपा का परचम,कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी

इस नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा का पर्चा एम कांग्रेस कार्यकर्ता में नाराजगी कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ रहा है और भाजपा सभी 10 नगर निगम में कब्जा कर लिया है । इस तरह जो कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रत्याशी थे उनको असंतोष हुआ पार्टी के अंदर ही हर के कर्म को लेकर बहुत बड़ी गाड़ी नाराजगी देखी जा रही है क्योंकि भाजपा ने 10 नगर निगम पर अपना कब्जा जमा चुका है इस प्रकार से कांग्रेस की बहुत बड़ी हार हो चुकी है।

# ट्यूशन पढक़र घर आ रही मासूम बच्ची को हादसे में मौत

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

मणिपुर थाना क्षेत्र के रामपुर में 17 फरवरी की शाम को अज्ञात वाहन ने 9 वर्षीय छात्रा को टक्कर मार दी थी। किशोरी को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार परिणीती दास मानिकपुरी पिता रघुवर मानिकपुरी उम्र 9 वर्ष शहर से लगे मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर की रहने वाली थी। वह 17 फरवरी को गांव में ही ट्यूशन पढऩे अन्य बच्चों के साथ गई थी। वह ट्यूशन पढक़र घर वापस आ रही थी। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। घटना बच्ची के पिता के दुकान के पास ही हुई थी। तत्काल माता-पिता मौके पर पहुंचे और बच्ची को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# कार सवार स्कूली छात्र-छात्राओं की शहर में फिर स्टंटबाजी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कार में स्टंट करते एक वीडियो सोशल मीडिया में फिर वायरल हो रहा है, जिसे स्टंट करते समय स्कूली छात्र-छात्राओं ने ही बनाया है। शहर की सड़क जाम कर स्कूली छात्र-छात्राएं कार की विंडो से बाहर निकलकर हुड़दंग मचा रहे हैं। यही नहीं कुछ छात्रों के हाथों में शराब की बॉटलें भी हैं। बताया जा रहा है कि स्वामी आत्मानंद स्कूल बतौली में फेयरवेल की पार्टी थी। इसके लिए बतौली से काफी संख्या में छात्र-छात्राएं कार में सवार होकर अंबिकापुर के एक निजी होटल में पहुंचे। यहां पार्टी करने के बाद सभी शहर की सडक़ों पर कार से स्टंट करते हुए बेखौफ निकल गए। इस दौरान उन्होंने सडक़ को जाम कर दिया, जिससे अन्य वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आए दिन सडक़ पर स्टंट बाजी कर हुड़दंग मचाए जाने को लेकर लोगों में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है। कार में स्टंट के दौरान छात्राएं भी छात्रों से पीछे नहीं हैं। वे भी अलग-अलग अंदाज में कार की विंडो से बाहर निकलकर मौज-मस्ती करती नजर आ रही हैं। वहीं छात्र हाथ में शराब की बॉटल लिए पूरे शहर में हुड़दंग मचाते रहे। शहर में ये नजारा पेश कर जहां कार सवार छात्र यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आए। हालांकि ये वीडियो कब का है, यह पता नहीं चल सका है।

# बलरामपुर में 343 के लिए काटे जा रहे पुराने छायादार पेड़,राजस्व ने दी है कटाई की इजाजत

- पुराने हाइवे के जर्जर होने के चलते सालों से नया राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की मांग की जा रही थी...
- फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने दी है कटाई की इजाजत

- संवाददाता -
बलरामपुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नेशनल हाइवे नंबर 343 के निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई शुरू हो गई है। राजस्व विभाग की जमीन पर लगे पुराने और छायादार पेड़ों को काटकर गिराया जा रहा है। चौड़े हाइवे के लिए बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई हर रोज हो रही है। राजस्व विभाग की जमीन पर खड़े पेड़ों की कटाई के बाद फॉरेस्ट विभाग की जमीन पर लगे पेड़ों का नंबर आएगा। फॉरेस्ट विभाग की जमीन पर लगे पेड़ों को भी हाइवे निर्माण के लिए काटा जाएगा।

हाइवे के लिए पेड़ों की कटाई- बलरामपुर रामानुजगंज को अंबिकापुर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 343 नया बन जाने से लोगों का सफर आसान होगा। यहां से झारखंड और झारखंड से छत्तीसगढ़ आने में वक्त कम लगेगा। नई तकनीक से बनी सड़कों पर गाड़ियां सरपट दौड़ेंगी। हाल ही में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में नेशनल हाइवे के निर्माण को लेकर बड़े ऐलान किए थे।

### फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने दी है कटाई की इजाजत

प्रथम चरण की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद राजस्व विभाग की जमीनों पर लगे पेड़ों की कटाई शुरू हो गई है. दूसरे चरण में फॉरेस्ट विभाग की जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई शुरू होगी।

**अशोक तिवारी, डीएफओ**

काटे गए पेड़ों की होगी नीलामी रामानुजगंज से लेकर बलरामपुर के बीच हजारों की संख्या में साल, महुआ सहित अन्य प्रजातियों के पेड़ हैं। लंबे समय से यहां राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत जर्जर है। नये सड़क के निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई हो रही है जिनमें राजस्व विभाग की जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई पहले की जा रही है। कटाई के बाद पेड़ों को फॉरेस्ट डीपो में जमा करा दिया जाएगा, जहां से फिर इनकी नीलामी की जाएगी। दूसरे चरण में फॉरेस्ट की जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई शुरु की जाएगी।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

# दूसरे चरण का मतदान आज सुबह 7 बजे से

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरि झंडी दिखाकर मतदान दलों को बस से किया रवाना

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का मतदान गुरुवार को सरगुजा जिले के मैनपाट व सीतापुर ब्लॉक में होगा। मतदान सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा। द्वितीय चरण के मतदान एवं मतगणना की तैयारी जिला प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है। दोनों विकासखंड में चुनाव के लिए 267 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, वहीं 1335 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं बुधवार को जनपद मुख्यालय सीतापुर एवं मैनपाट में मतदान समाग्री का वितरण किया गया। मतदान दलों ने मतदान सामग्री मिलान कर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक ने मतदान दल को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।

जनपद पंचायत मैनपाट क्षेत्र में दूसरे चरण में जिला पंचायत के लिए दो पद हैं, जिसमें क्षेत्र क्रमांक 13 से 8 अभियर्थी, क्षेत्र क्रमांक 14 से 4 अभियर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। जनपद सदस्य के 17 पदों के लिए 91 अभ्यर्थी, सरपंच के 44 पद के लिए 215 अभ्यर्थी , पंच के 643 पद हैं जिसमें 280 पंच निर्विरोध हैं। शेष 363 पंच पद के लिए 848 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। विकासखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 54396 है। जिसमें 27252 महिला, 27144 पुरुष मतदाता हैं। निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालन के लिए 19 बस, 4 छोटी गाडिय़ों की व्यवस्था की गई है, शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए सुरक्षा बल तैनात किया गया है। जनपद पंचायत सीतापुर में जिला पंचायत सदस्य के लिए दो पद हैं, जिसमें क्षेत्र क्रमांक 11 से 5 और 12 से 6 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। जनपद सदस्य के 15 पद के लिए 61 अभ्यर्थी, सरपंच के 42 पद हैं जिसमें एक निर्विरोध सरपंच चुने गए हैं। शेष 41 पद के लिए 181 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं पंच 676 पद हैं, जिसमें 334 निर्विरोध हैं, 2 पद रिक्त हैं। शेष 340 पद के लिए 771 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। जनपद पंचायत क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या कुल 67322 है। जिसमें 34505 महिला, 32816 पुरुष, एवं 1 अन्य मतदाता हैं। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालन के लिए 25 बस, 4 मिनी बस और 4 छोटे वाहन की व्यवस्था की गई है।

### कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण का लिया जायजा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर ने जनपद पंचायत सीतापुर स्थित मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पहुंच कर कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मतदानकर्मियों से चर्चा कर वितरण किए जा रहे मतदान सामग्री की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। मतदान दलों द्वारा मतदान के लिए मतपत्र, मतदाता सूची, विभिन्न प्रारूप के प्रपत्र, लिफाफा, शील चपड़ा, मत पेटी सहित अन्य समाग्रियों सहीत मिलान किया गया। इस दौरान एसडीएम नीरज कौशिक, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बीच सडक़ पर लड़कियों के मारपीट करने का वीडियो वायरल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

प्यार में पड़े लोग कुछ भी कर सकते हैं। प्यार के लिए मारपीट करना और गदर काटना तो आजकल आम बात होती जा रही है। ऐसा ही कुछ मामला बीती रात अंबिकापुर में देखने को मिला, जहां दो लड़कियां एक लडक़े के कारण बीच सडक़ पर भिड़ गईं और एक-दूसरे की जमकर पिटाई की। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।कि दो लड़कियां आपस में जमकर मारपीट कर रही हैं। कभी कोई भारी पड़ती है तो कभी कोई। इधर, कैमरे के पीछे से कोई युवक पुलिस आ गई पुलिस आ गई कहकर लड़कियों को आगाह करते हुए सुनाई पड़ रहा है। वहीं कुछ युवक मौके पर तमाशबीन बन खड़े सब देख रहे हैं। दोनों युवतियों की दोस्त बीच-बचाव के लिए आती है, लेकिन वो भी लपेटे में आ जाती है। घटना मणिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड की बताई जा रही है।

# दिन-दहाड़े शहर में मारपीट कर बदमाशों ने पिकअप चालक से लूटे 42 हजार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

शहर के प्रतिक्षा बस स्टैंड के पास दिन दहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने पिकअप चालक के साथ मारपीट कर 42 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। कट मारने से मना करने पर बाइक सवार बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। चालक को गंभीर चोटें आई है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रविकुमार पिकअप चालक है। वह बुधवार की दोपहर अंबिकापुर से सामान लोड कर पिकअल लेकर उदयपुर जा रहा था। प्रतिक्षा बस स्टैंड अंबिकापुर के पास बाइक सवार दो युवक कट मारते हुए आगे निकले। इस पर पिकअप चालक ने उन्हें इस तरह से खतरनाक कट मारने से मना किया और दुर्घटना होने की आशंका जताई। इस बात से बाइक सवार दोनों युवक नाराज हो गए और बाइक अड़ाकर पिकअप को रोक लिया। इस दौरान दोनों बदमाशों ने पिकअप चालक की बेदम पिटाई कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने वाहन के शीशे भी फोड़ दिए। चालक के साथ मारपीट करने के बाद बदमाशों ने चालक के पास से 42 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। उक्त रुपए चालक उदयपुर के व्यापारी को देने के लिए रखा था। बदमाशों द्वारा मारपीट किए जाने से चालक के सिर व चेहरे में गंभीर चोट आई है। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। तब तक आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग चुके थे। वहीं घायल चालक को डायल 112 की टीम द्वारा इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र का है। वाहन मालिक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

# ब्रिटेन में चाकू से होने वाले अपराधों लगेगी रोक

## भारतीय किशोर की याद में सरकार ने की रोनन कानून की घोषणा

**लंदन,19 फरवरी 2025।** ब्रिटेन सरकार ने बुधवार को चाकू बेचने वाले ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं के लिए सख्त नियमों का एलान किया। सरकार ने भी घोषणा कि नए नियमों को लागू करने में विफल रहने पर कड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। यह कदम भारतीय मूल के एक किशोर रोनन कांडा (16 वर्षीय) की स्मृति में उठाया गया, जिसकी चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी।

नए रोनन कानून के तहत खुदरा विक्रेताओं को अपने मंच पर चाकुओं की संदिग्ध और बड़ी मात्रा में खरीद की सूचना पुलिस को देनी होगी। कानून के तहत 18 साल से काम आयु वर्ग के लड़कों को चाकू बेचने पर कड़ सजा का प्रावधान होगा।

वोल्वरहैम्पटन में की गई थी रोनन की हत्या

जुलाई 2022 में इंग्लैंड के वोल्वरहैम्पटन में रोनन कांडा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। यह हमला उनके घर के पास ही हुआ था। हमला गलत पहचान के कारण हुआ था। रोहन की मां पूजा कांडा ने इसके बाद मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की थी। उनके बेटे की हत्या करने वाले भारतीय मूल के किशोर को 34 साल की सजा हुई थी।

**रोनन की मांग पूजा ने क्या कहा**

एक बयान में पूजा कांडा ने कहा, 2022 में गलत पहचान के कारण चाकू से हमले की वजह मैंने अपना बेटा रोनन खो दिया। 2023 में जब हम कोर्ट रूम में थे, तो हमें एक तलवार और 25 से अधिक ब्लेड वाली चीजें दिखाई गईं। उन्हें देखकर मुझे पता चला कि मेरे बेटे के पास बचने का कोई मौका नहीं था। उन्होंने कहा, हम विक्रेताओं, सोशल मीडिया और विक्रेताओं से ज्यादा जिम्मेदारी की उम्मीद करते हैं। हम (चाकू के) पंजीकरण की योजना का स्वागत करते हैं, जिसमें सरकार चाकू की ऑनलाइन बिक्री होने पर सख्त कदम उठाएगी।

**हत्यारों ने ऑनलाइन खरीदे थे चाकू**

उन्होंने कहा, रोनन कानून लागू होने के बाद चाकू से होने वाले अपराधों में रोक लगेगी। काश यह वर्षों पहले किया गया होता तो आज मेरा बेटा मेरे साथ होता। पूजा कांडा ने यह भी मुद्दा उठाया कि चाकू की ऑनलाइन बिक्री के समय पहचान पत्र की जांच नहीं की जाती है। वोल्वरहैम्पटन क्राउन कोर्ट में पता चला था कि रोनन के हत्यारों ने बिना उम्र या पहचान की जांच के चाकू ऑनलाइन खरीदे थे और हमले के दिन पोस्ट ऑफिस से उन्हें एकत्र किया था।

**ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने नए कानून पर क्या कहा**

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि रोनन कानून चाकू की ऑनलाइन बिक्री के दौरान सामने आ रही खामियों को दूर करने के लिए लाया गया है और यह रोहन की मां और बहन निकिता के लगातार अभियान का नतीजा है, जो युवाओं की हथियारों तक पहुंच को रोकने और इसी तरह दुख झेलने वाले परिवारों के लिए शुरू किया गया था।

# अफगान शरणार्थियों को देश से निकालने की तैयारी में पाकिस्तान,अफगानिस्तान दूतावास ने जारी की चेतावनी

**इस्लामाबाद,19 फरवरी 2025।** पाकिस्तान ने एक बार फिर से अफगान शरणार्थियों को देश से निकालने की तैयारी की है। इस्लामाबाद में अफगान दूतावास ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान सभी अफगान शरणार्थियों को देश से निकालना चाहता है। भविष्य में उनको निष्कासन का सामना करना पड़ेगा।

अफगान दूतावास ने पाकिस्तान की योजनाओं की निंदा की है। दूतावास ने कहा कि इस्लामाबाद और रावलपिंडी में अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी तलाशी ली गई है। पुलिस ने उन्हें दोनों शहरों को छोड़कर पाकिस्तान के अन्य भागों में चले जाने के आदेश दिए हैं।

दूतावास के मुताबिक अफगानिस्तानियों को हिरासत में लेने की प्रक्रिया बिना किसी औपचारिक घोषणा के शुरू हुई है। इस्लामाबाद में अफगानिस्तान के दूतावास को किसी औपचारिक पत्राचार के माध्यम से आधिकारिक तौर पर सूचित नहीं की गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि निकट भविष्य में न केवल इस्लामाबाद और रावलपिंडी से बल्कि पूरे देश से सभी अफगान शरणार्थियों को निर्वासित/हटाने की एक निश्चित और अंतिम योजना है।

पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे हजारों अफगानियों के अलावा यूएनएचआरसी में शरणार्थी के रूप में लगभग 14.5 लाख अफगान नागरिक पंजीकृत हैं। बता दें कि 1980 के दशक में सोवियत संघ ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद लाखों अफगानों ने पड़ोसी देश पाकिस्तान में शरण ली। 2021 में जब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया तो इनकी संख्या और बढ़ी। गौरतलब है कि पाकिस्तान में अवैध अफगान शरणार्थियों को बाहर निकालने का अभियान पहले भी चलाया जा चुका है। हालांकि सरकार को इसमें पूरी सफलता नहीं मिली।

**कैबिनेट ने कम किया था जुर्माना**

2023 में पाकिस्तानी कैबिनेट ने यह फैसला लिया था कि अफगान शरणार्थियों से पाकिस्तान में अधिक समय तक रहने के लिए 800 अमेरिकी डॉलर नहीं, 400 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना वसूला जाएगा। जुर्माने का प्रावधान वैसे अफगान नागरिकों के लिए किया गया था जो किसी तीसरे देश में जाना चाहते हैं, लेकिन उनके पास कानूनी दस्तावेज या प्रसंस्करण शुल्क नहीं था।

# बलूचिस्तान में बंदूकधारियों ने बस को बनाया निशाना, लाहौर जा रहे सात यात्रियों को उतारा मौत के घाट

**इस्लामाबाद, 19 फरवरी 2025।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बुधवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक बस में सवार सात यात्रियों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारियों ने बरखान क्षेत्र में क्वेटा से पंजाब प्रांत जा रही बस को रोका और सात यात्रियों को बस से उतारकर पहाड़ी पर ले गए। इसके बाद उनको गोली मार दी गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने इसे आतंकी घटना बताया और इसकी निंदा की।

पुलिस ने बताया कि बंदूकधारियों ने बरखान क्षेत्र में हाईवे पर नाकाबंदी करके बस को रोक लिया। हमलावर बस में चढ़े और यात्रियों के पहचान पत्र चेक किए। इसके बाद उन्होंने सात यात्रियों को बस से उतारा और पहाड़ी के पास ले गए। इसके बाद गोलियों की आवाज सुनाई दी। बरखान के उपायुक्त वकार खुर्शीद आलम ने घटना और मृतकों की संख्या की पुष्टि की।

उन्होंने कहा कि सभी सातों यात्री पंजाब प्रांत से थे और वे लाहौर जा रहे थे। सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर हमलावरों की तलाश तेज कर दी है। पुलिस के मुताबिक अभी तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि बलूच आतंकी संगठन लगातार पड़ोसी राज्य पंजाब के लोगों पर हमला करते रहते हैं।

**राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने की निंदा**

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और बलूचिस्तान के सीएम सरफराज बुगती ने आतंकी हमले की निंदा की। सीएम ने कहा कि हमलावरों को को तलाशा जा रहा है। उन्हें सजा दिलाई जाएगी।

वहीं राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा कि निर्दोष लोगों की हत्या करना कायरतापूर्ण और जघन्य है। आतंकी शांति और मानवता के दुश्मन हैं। वे बलूचिस्तान में अशांति कायम करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि निर्दोष लोगों की हत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार और सुरक्षा बल देश से आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं।

# स्थिति को जस का तस बनाए रखने वाले देश छोटी सोच वाले

## सुरक्षा परिषद में विस्तार न होने पर भारत नाराज

**न्यूयॉर्क,19 फरवरी 2025।** भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार की मांग उठाई है। इस बार भारत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जो देश स्थिति को जस का तस बनाए रखना चाहते हैं और यूएनएससी में विस्तार नहीं होने दे रहे, वे दूर की नहीं सोच पा रहे और प्रतिगामी सोच वाले देश हैं। भारत ने कहा कि इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। चीन की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और वैश्विक प्रशासन को बेहतर बनाने के मुद्दे पर खुली बहस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश शामिल हुए।

बैठक के दौरान यूएन में भारत के स्थायी राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि वैश्विक दक्षिण को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत और कई अन्य अहम देशों को भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। भारतीय राजदूत ने 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में विस्तार की मांग दोहराई और कहा कि यूएन में तीन बड़े बदलाव होने बेहद जरूरी हैं। हरीश ने कहा कि पहले तो सुरक्षा परिषद में स्थायी और गैर-स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए, दूसरा दस्तावेज आधारित सुलह समझौते होने चाहिए और तीसरा बड़े वैश्विक मुद्दों पर नतीजों के लिए एक तय समयसीमा होनी चाहिए।

भारतीय राजनयिक ने कहा कि जो देश सुरक्षा परिषद के विस्तार का विरोध कर रहे हैं, वे यथास्थिति बनाए रखना चाहते हैं और छोट सोच के हैं। उनकी सोच प्रतिगामी है। इसे और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पीएम मोदी के बीते साल सितंबर में दिए एक बयान का जिक्र करते हुए हरीश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की अहमियत बनाए रखने के लिए सुधार जरूरी हैं। भारतीय राजनयिक ने कहा कि भारत लगातार यूएन में सुधार की मांग उठा रहा है। दुनिया बदल चुकी है और समय के साथ संयुक्त राष्ट्र को भी बदलने की जरूरत है। यह मौजूदा वैश्विक व्यवस्था को प्रदर्शित करना चाहिए न कि साल 1945 की व्यवस्था को।

# म्यूनिख के कब्रिस्तानों में एक हजार कब्रों पर लगे क्यूआर कोड वाले रहस्यमयी स्टीकर,पुलिस कर रही जांच

**बर्लिन,19 फरवरी 2025।** जर्मनी के म्यूनिख शहर के तीन कब्रिस्तानों में एक हजार से ज्यादा कब्र और लकड़ी के क्रॉस पर क्यूआर कोड लगे रहस्यमयी स्टीकर लगाए गए हैं। क्यूआर कोड किसने,कब और क्यों लगाए गए हैं, इसे लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 5×3.5-सेंटीमीटर (1.95×1.2 इंच) के क्यूआर कोड वाले स्टीकर को स्कैन करने पर कब्र में दफन व्यक्ति का नाम और कब्रिस्तान में उसका स्थान पता चलता है। इसके अलावा कोई अन्य जानकारी नहीं मिल रही है।

पुलिस प्रवक्ता क्रिश्चियन ड्रेक्सलर ने बताया कि इसके पीछे हमें कोई पैटर्न नहीं मिला है। ये स्टीकर्स पुरानी और नई दोनों कब्रों पर लगाए गए हैं। जिन कब्रों पर लेकर लकड़ी का क्रॉस लगा है, उन पर भी स्टीकर्स लगे हैं। ये स्टिकर वाल्डफ्रीडहोफ, सेंडलिंगर फ्रीडहोफ और फ्रीडहोफ सोल्न कब्रिस्तानों में लगाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि अगर किसी ने कब्रों पर स्टीकर्स लगाते हुए किसी व्यक्ति को देखा है तो वे इसकी सूचना कब्रिस्तान प्रशासन को दे सकते हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इसके पीछे कौन है? इसके अलावा पुलिस संपत्ति के नुकसान की भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जब कब्रों पर लगे स्टिकर हटाए गए तो उन पर लगे पत्थर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए और उनका रंग उड़ गया।

**एएफडी पार्टी के खिलाफ सड़कों पर उतरे थे 30 हजार लोग**

जर्मनी के आम चुनाव को एक सप्ताह रह गया है। इससे पहले धुर दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) के खिलाफ लोग सड़कों पर आ गए थे। रविवार को बर्लिन में करीब 30 हजार लोगों ने पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन किया और निष्पक्ष चुनाव की मांग की थी। पिछले सप्ताहांत म्यूनिख में भी इसी तरह के एक प्रदर्शन में सवा लाख लोग शामिल हुए थे। कई लोगों नेअल्टरनेटिव फॉर जर्मनी की निंदा करते हुए नारे लिखी तख्तियां ले रखी थीं।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन बोले...अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मिलना चाहता हूं, चल रही बैठक की तैयारी

**मॉस्को,19 फरवरी 2025।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलना चाहते हैं, लेकिन इस बैठक के लिए उचित तैयारी की जरूरत है, ताकि इसका कुछ नतीजा निकल सके। पुतिन ने टेलीविजन पर अपने संबोधन में कहा, मैं (ट्रंप के साथ) बैठक करना चाहता हूं, लेकिन इसके लिए तैयारी इस प्रकार होनी चाहिए कि इससे परिणाम मिलें। उन्होंने कहा कि उन्हें ट्रंप से मिलने पर खुशी होगी।

पुतिन का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब हाल ही में सऊदी अरब में रूस और अमेरिका के शीर्ष राजनयिकों की बैठक हुई है। इस बैठक में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के तरीकों पर चर्चा की गई। उन्होंने सऊदी अरब में रूसी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच हुई बातचीत की सराहना की। पुतिन ने यह भी कहा कि ट्रंप ने यह माना है कि यूक्रेन के मुद्दे का समाधान उतनी जल्दी नहीं हो सकता, जितना पहले उन्होंने सोचा था।

# कुएं में गिरने से किशोरी की मौत

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

पानी भरने के दौरान एक किशोरी कुएं में गिर गई थी। उसे इलाज के लिए मिशन अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार लक्ष्मी प्रजापति पिता देवनारायण उम्र 15 वर्ष सूरजपुर जिले के भटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम शिवारी की रहने वाली थी। दो दिनों से उसका तबियत खराब था। वह बुधवार की सुबह कुएं में पानी भरने गई थी। इस दौरा उसे चक्कर आ गया और कुएं में गिर गई। परिजन उसे कुएं से बाहर निकाले और इलाज के लिए भटगांव अस्पताल ले गए। यहां से रेफर करने पर परिजन उसे इलाज के लिए मिशन अस्पताल ले गए यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कलेक्टर श्री भोसकर मानव जीवन ज्योति नेत्रहीन विद्यालय कुनकुरी पहुंचे

## कलेक्टर ने बच्चों से सहज चर्चा कर की हौसला अफजाई

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर श्री विलास भोसकर विकासखंड बतौली के कुनकुरी स्थित मानव जीवन ज्योति नेत्रहीन विद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने नेत्रहीन बच्चों से सरल और सहज ढंग से चर्चा कर बच्चों के पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और उनका हौसला बढ़ाया।

मानव जीवन ज्योति नेत्रहीन विद्यालय में कक्षा पहली से आठवीं तक के 61 नेत्रहीन बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। कलेक्टर ने विद्यालय के अध्ययन कक्ष, कुर्सी-टेबल, संगीत कक्ष, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने और उन्हें शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने को कहा। साथ ही, अधूरे निर्माण कार्यों को अति शीघ्र पूरा कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, जनपद सीईओ सहित विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी भी मौजूद थे।

# भक्ति रस की ऐसी बजी धुन की डूब गए भक्त श्याम,भक्त श्याम के कंधे में भगवान श्याम

**अप्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल तथा श्रीमद् भागवत सेवा समिति चिरमिरी की ओर से आयोजित है 07 दिवसीय भागवत कथा**

**भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन, श्रीमद भागवत कथा में प्रख्यात आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी ने सुनाया प्रसंग**

**प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री भाजपा रामप्रताप सिंह, योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महापौर रामनरेश राय सहित अन्य हुए कथा में शामिल, भजन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री पत्नी सहित डूबे भगवान की भक्ति में...**

### पूतना का वध कर किया उसका उद्धार रहा कथा का प्रसंग

पुतना चरित्र पर व्याख्यान देते हुए आचार्य गोस्वामी ने कहा कि कंस स्वयं को सब कुछ समझ लिया। हमसे बड़ा कोई न हो। जो हमसे बड़ा बनना चाहे या हमारा विरोधी हो उसको मार दिया जाय। ऐसा निश्चय कर ब्रज क्षेत्र में जितने बालक पैदा हुए हो उनको मार डालो, और इसके लिये पूतना राक्षसी को भेजा तो प्रभु श्री बालकृष्ण भगवान ने पूतना को मोक्ष प्रदान किया ही इधर कंस प्रतापी राजा उग्रसेन का पुत्र होते भी स्वार्थ लोलुपता अधिकाधिक होने के कारण राक्षसो की श्रेणी में आ गया और भगवान श्री कृष्ण ने उसका संहार किया।

-रवि सिंह-
**एमसीबी/चिरिमिरी, 19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

अप्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल एवं परिवार तथा श्रीमद् भागवत सेवा समिति चिरमिरी की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी ने भागवत कथा के पांचवे दिन मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया, जिसमें पूतना का वध और गोवर्धन पूजा का प्रसंग शामिल था। कथा में आज प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री भाजपा रामप्रताप सिंह, योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महापौर रामनरेश राय सहित अन्य उपस्थित रहे कथा में भजन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री पत्नी सहित जमकर थिरके।

## माखन चोरी करना इस बात का प्रतीक था कि वे अपने भक्तों का प्रेम पाना चाहते थे...

माखन चोरी प्रसंग की धुन बजते ही भक्त श्रोता भक्ति रस में लीन हो गए इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम भी खुद को रोक नहीं पाए। भक्त श्याम भगवान श्याम को कंधे में उठाकर खूब झूमे यही नहीं कथा में ऐसा वातावरण निर्मित हुआ जैसा स्वयं भगवान धरती पर उतरकर भक्तों के साथ लीला कर रहे हो। भक्त और भगवान दोनों में अंतर कर पाना मुश्किल रहा। कथा प्रसंग के पांचवा दिन श्याम का दिन रहा जहां भक्त, भगवान और प्रसंगकर्ता तीनों श्याम मौजूद रहे।

दरअसल कथावाचक आचार्य ने माखन चोरी की लीला का सुंदर चित्रण का वर्णन करते हुए कहा कि माखनचोरी केवल एक बाल लीला नहीं बल्कि इसके पीछे भगवान का गहरा प्रेम और स्नेह भाव छिपा हुआ है। श्रीकृष्ण का माखन चोरी करना इस बात का प्रतीक था कि वे अपने भक्तों का प्रेम पाना चाहते हैं। उन्होंने समझाया कि माखन, जो मेहनत और प्रेम का प्रतीक है भगवान को भोग के रूप में अत्यंत प्रिय था। बालकृष्ण अपने सखाओं के साथ गोपियों के घर में माखन चुराने जाते थे। जिससे गोपियों का उनके प्रति प्रेम और भी बढ़ जाता था। माखन चोरी लीला प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आचार्य श्री ने कहा कि दूध,दही, माखन को खा-खाकर कंस के अनुचर बलवान होकर अधर्म को बढावा दे रहे थे, इसलिये प्रभु ने दूध, दही, माखन को मथुरा कंस के अनुचरों के पास जाने से रोका और छोटे-छोटे ग्वाल-बालों को खिलाया जिससे वे ग्वाल-बाल बलवान बनें और अधर्मी कंस के अनुचरों को परास्त कर सकें। भगवान श्रीकृष्ण ग्वाल-बालो से इतना प्रेम करते थे कि उनके साथ बैठकर भोजन करते-करते उनका जूठन तक मांग लेते थे। आचार्य श्री ने कहा कि हम जीवन में वस्तुओं से प्रेम करते है और मनुष्यों का उपयोग करते है। ठीक तो यह है कि हम वस्तुओं का उपयोग करें और मनुष्यों से प्रेम करें।

### जहां स्वार्थ समाप्त होता है मानवता वहीं से प्रारम्भ होती है:आचार्य मृदुल कृष्ण शास्त्री

मानव योनि में जन्म लेने मात्र से जीव को मानवता प्राप्त नहीं होती। यदि मनुष्य योनि में जन्म लेने के बाद भी उसमें स्वार्थ की भावना भरी हुई है, तो वह मानव होते हुए भी राक्षसी वृत्ति की पायदान पर खड़ा रहता है। यदि व्यक्ति स्वार्थ की भावना को त्याग कर हमेशा परमार्थ भाव से जीवन यापन करे तो निश्चित रूप से वह एक अच्छा इन्सान है, यानी सुदृढ मानवता की श्रेणी में खड़ा होकर पर सेवा कार्य में रत है। क्योंकि परमार्थ की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है।

### संसार जड़ है तो चेतन परमात्मा

आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज जी ने कहा कि संसार की क्रिया से मन हटाकर यदि हम परमात्मा में लगा देते हैं तो वहीं परमात्मा में मिलन होता है हमारा मन चाबी की तरह है संसार की ओर मन घुमा दिया तो बंधन वही संसार के कर्तव्यों को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए परमात्मा के चरणों में लगा दिया तो यही मन मोक्ष का द्वार है आनंद नंद के घर में ही पैदा होता है जीवन की समग्रता ही कृष्ण है व्यक्ति सुख बटोरता है तथा आनंद को लूटता है

### प्रेम और भक्ति से ही भगवान प्रसन्न होते हैं:आचार्य शास्त्री जी

महाराज श्री ने वृंदावन की सुंदर कथाओं का वर्णन किया। बकासुर, अघासुर आदि दैत्यों का उद्धार, कालिया मर्दन के बाद गोवर्धन धारण कर भगवान ब्रज वासियों की रक्षा की। अंत में कथा से सीख लेते हुए श्रोताओं से अपने जीवन को धन्य बनाने के लिए आह्वान किया। आचार्य ने ममतामयी लीलाओं के माध्यम से भक्तों को यह संदेश दिए कि भगवान प्रेम और भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं।प्रेम की भाषा बोलिये जिसे बहरे भी सुन सकते हैं और गूंगे भी समझ सकते है। कृष्ण की बाल लीलाएं यह बताती हैं कि ईश्वर अपने भक्तों के साथ सदा निकट रहते हैं और प्रेम से उनके जीवन में सम्मिलित रहते हैं। श्रोताओं ने बालकृष्ण लीला का आनंद लिया और भक्ति में लीन होकर जयकारे लगाए । हर तरफ जय कन्हैया लाल के जयघोष की गूंज सुनाई दी। भजन-कीर्तन का दौर भी चला, इस बीच पूरा माहौल भक्ति में डूबा रहा।

# प्रतापपुर में बीडीसी चुनाव में देवती वीरेंद्र शांडिल्य की बढ़ती लोकप्रियता,शिक्षा और नेतृत्व के साथ बन रही है चर्चा

-संवाददाता-
**प्रतापपुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

प्रतापपुर जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 9 में बीडीसी चुनाव ने एक नई दिशा ली है, जहां आदिवासी महिला देवती वीरेंद्र शांडिल्य ने अपनी शिक्षा, सामाजिक सक्रियता और नेतृत्व क्षमता से चुनावी मैदान में अपनी मजबूत जगह बनाई है। यह विशेष बात है कि, क्षेत्र क्रमांक 9 सामान्य महिला सीट होने के बावजूद, देवती शांडिल्य को आदिवासी महिला होने के बावजूद जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है। एम.ए. तक की शिक्षा प्राप्त देवती शांडिल्य का नाम अब तेजी से इलाके में चर्चा का विषय बन चुका है।

अमन दोन, खोरमा, बरौल और करंजवार गांव में उन्हें मिल रहा भारी जनता का समर्थन, उनकी बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है। उनकी शिक्षा और समाजिक जागरूकता ने उन्हें सिर्फ आदिवासी समुदाय में ही नहीं, बल्कि समग्र क्षेत्र में एक सम्मानजनक नेता के रूप में स्थापित किया है। उनका यह चुनावी अभियान अब महिलाओं और युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन चुका है, क्योंकि वह एक पढ़ी-लिखी महिला के रूप में चुनावी राजनीति में एक नई मिसाल पेश कर रही हैं।

देवती वीरेंद्र शांडिल्य ने अपने अभियान के दौरान क्षेत्र की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान केंद्रित किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, और गांवों के विकास जैसे मुद्दों पर उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं तय की हैं। उनके द्वारा उठाए गए इन मुद्दों से आम जनता का विश्वास और भी मजबूत हुआ है, और वे उम्मीद कर रहे हैं कि देवती शांडिल्य इस बार उनके क्षेत्र का नेतृत्व करेंगी।

इस चुनावी मुकाबले में कांग्रेस की पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ज्योति संजू श्रीवास्तव और भाजपा की वरिष्ठ नेता नाजिया खान भी मैदान में हैं, जिससे मुकाबला और भी रोचक हो गया है। जहां ज्योति संजू श्रीवास्तव के कांग्रेस से जुड़े होने के कारण पारंपरिक कांग्रेस समर्थकों का साथ मिल सकता है, वहीं नाजिया खान भाजपा की वरिष्ठ नेता के रूप में अपने पार्टी के आधार पर मजबूत उम्मीदवार मानी जा रही हैं। इस त्रिकोणीय मुकाबले में देवती वीरेंद्र शांडिल्य का बढ़ता हुआ समर्थन यह दर्शाता है कि उनका नेतृत्व और शिक्षा से प्रेरित विचार जनता के बीच एक सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस चुनावी दंगल में कौन किस पर भारी पड़ता है, लेकिन देवती शांडिल्य का उभरता हुआ नाम राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में एक नया संदेश दे रहा है कि महिलाओं को राजनीति में समान अवसर मिलना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
## सरगुजा वनमण्डल,अम्बिकापुर,छ0ग0

**नीलाम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर में भण्डारित ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है।

**काष्ठागार अम्बिकापुर**

नीलाम दिनांक - 21/02/2025 समय- प्रातः 09.00 बजे से

| प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा (घ0मी0) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ0मी0) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ0मी0) | बल्ली (नग) |
| सागौन | 0.000 | 0 | 14.863 | 1073 | 14.863 | 1073 |
| साल | 505.826 | 105 | 1440.906 | 3899 | 1946.732 | 4004 |
| साजा | 13.340 | 0 | 4.504 | 0 | 17.844 | 0 |
| धावड़ा | 22.219 | 0 | 0.923 | 0 | 23.142 | 0 |
| सलिहा | 22.797 | 6 | 3.653 | 0 | 26.450 | 6 |
| हल्दू | 1.022 | 0 | 5.074 | 37 | 6.096 | 37 |
| खम्हार | 0.000 | 0 | 67.914 | 512 | 67.914 | 512 |
| अन्य | 132.805 | 0 | 32.548 | 268 | 165.353 | 268 |
| योगः- | 698.009 | 111 | 1570.385 | 5789 | 2268.394 | 5900 |
| जलाऊ | 1151 चट्टा | | 20 चट्टा | | 1171 चट्टा | |

**टीपः-**
1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम0एस0टी0सी0 ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई0एम0डी0 की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एन0एल0टी0सी0 ई- कॉमर्स पोर्टल में अपने आई0डी0 से लॉग इन करके देख सकते हैं।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

**वनमंडलाधिकारी**
**सरगुजा,मनमण्डल अम्बिकापुर,छ.ग.**
**जी.नं.-242505509/2**

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा0)मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल,मनेन्द्रगढ़(छ.ग.)**

## नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार जनकपुर में उपलब्ध नया पुराना ईमारती काष्ठ एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई- ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार जनकपुर से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम - काष्ठागार जनकपुर
नीलाम दिनांक - 25/02/2025
नीलाम समय - प्राप्त 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | पुराना अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0.400 | 0 | 10173 | 78.825 | 9881 | 173.090 |
| 2 | साल | 35.00 | 50 | 8739 | 84.327 | 2106 | 58.792 |
| 3 | हल्दू | 0.000 | 0 | 6 | 0.748 | 0 | 0.000 |
| 4 | साजा | 0.000 | 0 | 41 | 4.628 | 31 | 0.828 |
| 5 | धवड़ा | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 3 | 0.083 |
| 6 | बीजा | 0.000 | 0 | 4 | 0.337 | 4 | 0.205 |
| 7 | सत्कठा | 1.000 | 0 | 11 | 1.008 | 115 | 3.048 |
| | योगः- | 35.400 | 50 | 18974 | 1629.873 | 12140 | 236.046 |
| सागौन जलाऊ | | 0 | 0 | 60 चट्टा पुराना | | | |
| मिश्रित जलाऊ | | 150 चट्टा नया | | 160 चट्टा पुराना | | | |
| योगः- | | 150 चट्टा नया | | 220 चट्टा पुराना | | | |

**टीपः-**
1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम0एस0टी0सी0 ई-कॉमर्स पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत ई0एम0डी0 की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एन0एस0टी0सी0 ई- कॉमर्स पोर्टल में अपने आई0डी0 से लॉगईन करके देख सकते हैं।

**वनमंडलाधिकारी**
**मनेन्द्रगढ़ मनमण्डल ,मनेन्द्रगढ़**
**जी.नं.-242505508/7**

### 21 फरवरी से 23 फरवरी तक मदिरा दुकानों पर प्रतिबंध

-संवाददाता-
**कोरिया,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले की कई मदिरा दुकानों को अस्थायी रूप से बंद रखने का आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, 21 फरवरी को दोपहर 3 बजे से 23 फरवरी को मतगणना समाप्त होने तक जिले की विदेशी मदिरा दुकान, बैकुण्ठपुर, देशी (कम्पोजिट) मदिरा दुकान, बैकुण्ठपुर, विदेशी मदिरा दुकान, पण्डोपारा (ग्राम पंचायत सोरगा), एफ.एल.3(ग) (पर्यटन बार), मितान मोटल वीआर प्रोजेक्ट जेवी, ग्राम पंचायत चिरगुड़ा की मदिरा दुकानें बंद रहेंगी।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण ग्राम कुडेली तहसील पटना की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वेदन्ती प्रसाद तिवारी आ0 राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र-63 वर्ष निवासी कुडेली थाना व तहसील पटना जिला कोरिया,छ0ग0 द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम कुडेली तहसील पटना में ख0नं0 671 कुल रकबा 0.100 हे0 राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन (भवन निर्माण) हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 27/02/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 11/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर,कोरिया

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण ग्राम कुडेली तहसील पटना की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वेदन्ती प्रसाद तिवारी आ0 राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र-63 वर्ष निवासी कुडेली थाना व तहसील पटना जिला कोरिया,छ0ग0 द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम कुडेली तहसील पटना में ख0नं0 1262/1 रकबा 0.260 हे0 राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि को आद्योगिक प्रयोजन (राईस मिल हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 27/02/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 11/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर,कोरिया

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण ग्राम कुडेली तहसील पटना की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वेदन्ती प्रसाद तिवारी आ0 राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र-63 वर्ष निवासी कुडेली थाना व तहसील पटना जिला कोरिया,छ0ग0 द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम कुडेली तहसील पटना में ख0नं0 1213 रकबा 0.1600 हे0 राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन (गोदाम निर्माण) हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 27/02/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 11/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर,कोरिया

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण ग्राम कुडेली तहसील पटना की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अश्वनी कु0 तिवारी आ0 वेदन्ती प्रसाद तिवारी उम्र-28 वर्ष निवासी कुडेली थाना व तहसील पटना जिला कोरिया,छ0ग0 द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम कुडेली तहसील पटना में ख0नं0 1270 रकबा 1.13 हे0 राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि को आद्योगिक प्रयोजन (राईस मिल) हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 27/02/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 11/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर,कोरिया

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण ग्राम कुडेली तहसील पटना की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वेदन्ती प्रसाद तिवारी आ0 राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र-63 वर्ष निवासी कुडेली थाना व तहसील पटना जिला कोरिया,छ0ग0 द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम कुडेली तहसील पटना में ख0नं0 1248 रकबा 0.35 हे0 राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन (गोदाम निर्माण) हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 27/02/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 11/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर,कोरिया

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण ग्राम कुडेली तहसील पटना की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वेदन्ती प्रसाद तिवारी आ0 राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र-63 वर्ष निवासी कुडेली थाना व तहसील पटना जिला कोरिया,छ0ग0 द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम कुडेली तहसील पटना में ख0नं0 1265 रकबा 0.40 हे0 राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (राईस मिल) हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 27/02/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 11/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर,कोरिया

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण ग्राम कुडेली तहसील पटना की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वेदन्ती प्रसाद तिवारी आ0 राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र-63 वर्ष निवासी कुडेली थाना व तहसील पटना जिला कोरिया,छ0ग0 द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम कुडेली तहसील पटना में ख0नं0 668/1 कुल रकबा 0.17 हे0 राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन (भवन निर्माण) हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 27/02/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 11/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर,कोरिया

# कांग्रेस किसे पटना का नगर पंचायत उपाध्यक्ष बनाएगी ?

**» सोनी समाज व मुस्लिम समुदाय से जीतकर आए हैं दो दो पार्षद,क्या सोनी समाज या मुस्लिम समुदाय से मिलेगा किसी को मौका ?**
**» क्या महिला पार्षद को कांग्रेस बना सकती है उपाध्यक्ष,अध्यक्ष महिला होने के कारण क्या ले सकती है कांग्रेस ऐसा निर्णय ?**
**» आदिवासी समाज से अध्यक्ष हुई हैं निर्वाचित क्या कांग्रेस भी उपाध्यक्ष पद के लिए आदिवासी समाज से चुन सकती है पार्षद ?**
**» कांग्रेस को सोनी समाज का मिला है भरपूर साथ,मुस्लिम समुदाय से भी ज्यादा सोनी समाज ने दिया है साथ,क्या सोनी समाज से होगा उपाध्यक्ष ?**

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/पटना,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
पटना नगर पंचायत के संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद सहित पंद्रह वार्ड पार्षद प्रत्याशियों में से भाजपा ने अध्यक्ष सहित पांच पार्षदों को चुनाव में जीत दिला लिया है वहीं आठ पार्षद प्रत्याशी कांग्रेस के जीत दर्ज कर ले गए और दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने बाजी मार ली। अब आठ पार्षदों के हिसाब से कांग्रेस उपाध्यक्ष बना ले जाएगी यह तय नजर आ रहा है। कांग्रेस किसे पार्षद बनाएगी यह अब देखने वाली बात होगी। कांग्रेस से यदि समाज और समुदाय वार जीतने वाले पार्षदों की गिनती की जाए तो कांग्रेस ने सोनी समाज के तीन लोगों को पार्षद पद का टिकट दिया था जिनमें से दो चुनाव जीतकर पार्षद बन चुके हैं वहीं मुस्लिम समुदाय के दो प्रत्याशियों में से दोनों चुनाव जीत गए हैं। वहीं एक आदिवासी समाज से एक सामान्य वर्ग से और दो अनुसूचित जनजाति वर्ग से प्रत्याशी चुनाव जीतकर पार्षद बन गए हैं।

अब यदि कांग्रेस उपाध्यक्ष किसे बनाएगी इस संदर्भ में की जाए तो उपाध्यक्ष पद पर सबसे प्रबल दावेदारी ऐसे तो पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष यवत सिंह के भतीजे की बनती है क्योंकि यह चुनाव यवत सिंह के ही नेतृत्व में लड़ा गया और यदि कांग्रेस में बगावत नहीं होती कांग्रेस अध्यक्ष पद भी जीत जाती वहीं इनके अलावा यदि किसी को किसी अन्य को पार्टी मौका देती है दो सोनी समाज मुस्लिम समुदाय या अनुसूचित जनजाति समुदाय से जीतकर आए दो दो लोगों में से किसी एक को मौका दे सकती है। वैसे इस चुनाव में कांग्रेस को सोनी समाज का साथ मुस्लिम समुदाय के साथ से भी ज्यादा मिला है वहीं आदिवासी समाज का साथ कांग्रेस की बजाए भाजपा को मिला है इस आधार पर सोनी समाज से उपाध्यक्ष बनाना कांग्रेस के लिए विचारणीय होना चाहिए। सोनी समाज से जीतकर आए दो लोगों में से एक महिला है और भाजपा से जीतकर आई अध्यक्ष भी महिला हैं ऐसे में यदि सोनी समाज से जीतकर आई महिला पार्षद को कांग्रेस उपाध्यक्ष बनाती है एक नया सन्देश नगर में जा सकता है और सोनी समाज को भी कांग्रेस एक तरह से धन्यवाद दे सकती है। सोनी समाज,अनुसूचित जनजाति समाज और मुस्लिम समुदाय के बीच से ही अब कांग्रेस को उपाध्यक्ष चयनित करना चाहिए ऐसा राजनीति के जानकारों का कहना मानना है, जिससे कांग्रेस पुनः खुद को मजबूत कर सके नगर में। वैसे सोनी समाज की नव निर्वाचित महिला पार्षद को उपाध्यक्ष बनाकर कांग्रेस भी भाजपा की तरह सभी को चौंका सकती है कि कांग्रेस भी अप्रत्याशित निर्णय लेने से पीछे नहीं हटती और वह भी छोटे से छोटे कार्यकर्ता को शीर्ष तक पहुंचाने में विश्वास रखती है। वैसे कांग्रेस यदि अपने चिरपरिचित अंदाज में चली तो जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष के भतीजे या फिर मुस्लिम समुदाय को मौका दे सकती है, सामान्य वर्ग से भी एक चेहरा है कांग्रेस के पास जिसे वह आजमा सकती है। वैसे यदि अध्यक्ष का भी मत उपाध्यक्ष चुनने में उपयोगी और गिनती किया जाएगा तो ऐसे में भाजपा भी दौड़ से बाहर नहीं है और दोनों दलों में टाई की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। वैसे आदिवासी समाज से न हो उपाध्यक्ष यह मांग कांग्रेस के अन्य पार्षद करते सुने जा रहे हैं और उनका कहना है कि आदिवासी समाज से अध्यक्ष भी उपाध्यक्ष भी सामान्य और पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय जैसा होगा।

## मतदान दलों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

-संवाददाता-
सूरजपुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
जिले के रामानुजनगर और प्रेमनगर विकासखंड में कल होने वाले द्वितीय चरण के मतदान के लिए जनपद पंचायत परिसर, रामानुजनगर से और सरपंच सदन प्रेमनगर से मतदान सामग्री वितरण कर मतदान दलों को हरी झण्डी दिखाकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत कल 20 फरवरी को रामानुजनगर और प्रेमनगर विकासखंड में मतदान होना है जिसके लिए आज मतदान दलों को रवाना किया गया है। मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने आज सुबह से ही सामग्री वितरण केंद्र पहुंचकर मतदान सामग्री को प्राप्त कर उसका मिलान करते हुए अन्य सभी जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। गौरतलब है कि कल द्वितीय चरण के होने वाले मतदान में रामानुजनगर में 200 और प्रेमनगर विकासखंड में 86 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अंतर्गत कुल 36 बीडीसी, 04 डीडीसी, 120 सरपंच और 1737 पंच पदों के लिए होगा मतदान। जिसमें रामानुजनगर अंतर्गत 24 बीडीसी, 03 डीडीसी, 74 सरपंच और 1131 पंच के पदों और प्रेमनगर अंतर्गत 12 बीडीसी, 01 डीडीसी 46 सरपंच तथा 606 पंच के पदों के लिए मतदान होगा। इस निर्वाचन कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत के 15 निर्वाचन क्षेत्रों, जनपद पंचायत के 126 निर्वाचन क्षेत्रों , 480 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 6807 वार्डों के लिए 03 चरणों में मतदान हो रहा है। इनमें 271928 पुरुष मतदाता और 275977 महिला मतदाता देंगे अपना मत। इसके लिए जिले भर में कुल 1081 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## खड़गवां जनपद पंचायत चुनाव हुआ संपन्नः 12 जनपद सदस्य, 44 सरपंच और 542 पंच हुए नवनिर्वाचित

-संवाददाता-
एमसीबी,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और रिटर्निंग अधिकारी जिला पंचायत अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में विगत 19 फरवरी 2025 को खड़गवां जनपद पंचायत में पंचायत निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत मतदान और मतगणना कार्य सम्पन्न हुई। आत्मानंद स्कूल खड़गवां में सारणीकरण कार्य के बाद, निर्वाचित अभ्यर्थियों की घोषणा की गई और उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कुल 12 जनपद सदस्य निर्वाचित किए गए, जिनमें से प्रत्येक जनपद पंचायत के लिए एक सदस्य चुना गया। इसके अतिरिक्त, 44 सरपंच उम्मीदवारों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कुल 361 सविरोध वार्डों में पंचों की निर्वाचन घोषणा की गई, जबकि 181 निर्विरोध वार्डों के निर्वाचित पंचों को प्रमाण पत्र पहले ही 6 फरवरी 2025 को वितरित कर दिए गए थे। खड़गवां क्षेत्र में 2 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र (क्रमांक 9 और 10) हैं, जिसमें 12 जनपद सदस्य और 44 पंचायतों के कुल 542 वार्ड पंच पदों के लिए चुनाव हुआ। सारणीकरण कार्य में, जनपद पंचायत 1 से श्यामबाई मरकाम, जनपद पंचायत 2 से रामवती पोया, जनपद पंचायत 3 से शिवरतन मरकाम, जनपद पंचायत 4 से गनराज सिंह कमरो, जनपद पंचायत 5 से वीरेंद्र करियाम, जनपद पंचायत 6 से सावित्री, जनपद पंचायत 7 से युगान्तर श्रीवास्तव, जनपद पंचायत 8 से सुनीता प्रजापति, जनपद पंचायत 9 से इंद्रवती मरावी, जनपद पंचायत 10 से सीता कुमारी, जनपद पंचायत 11 से अजय सिंह और जनपद पंचायत 12 से अमशेद सुनील सोनवानी निर्वाचित हुए हैं।

## ए के इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में फेसर एवं वेलकम पार्टी का आयोजन

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

चैनपुर स्थित ए के इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग कॉलेज में नए छात्रों के लिए फ्रेसर एवं वेलकम पार्टी तथा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अत्यधिक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। पार्टी का आयोजन कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के लिए एक यादगार अवसर बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डा. गौरव गुप्ता थे, जिन्होंने इस मौके पर अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों का मार्गदर्शन किया। डा. गौरव गुप्ता ने कहा, नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का एक महान रूप है। नर्सिंग स्टॉफ का चिकित्सा क्षेत्र में अत्यधिक योगदान होता है।÷ उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे कभी भी संकोच न करें और हमेशा सीखने की ललक बनाए रखें, क्योंकि जो छात्र सीखने के लिए तत्पर रहते हैं, वही आगे चलकर इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

इस अवसर पर पुष्पा जायसवाल ने सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जो कार्यक्रम में एक आध्यात्मिक रंग लेकर आई। उनके मधुर स्वर ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर डा. ए के ओझा, डा. रजा अहमद,अवनिन्द्र सिंह और रामचरित द्विवेदी बी एड कालेज के डायरेक्टर राजेश शर्मा,धुरंधर तिवारी बलरामपुर, अजीत सिंह टाटा मोटर्स,विनय पाण्डेय, शुद्धू लाल वर्मा उपस्थित थे। डा. ए के ओझा ने संस्थान के समर्पण और शिक्षा के स्तर पर विचार साझा किए, जबकि अवनिन्द्र सिंह और रामचरित द्विवेदी ने इस अवसर पर छात्रों को उनकी आगामी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। समारोह का समापन एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें कॉलेज के छात्रों ने विभिन्न कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। यह आयोजन न केवल नए छात्रों के स्वागत के रूप में था, बल्कि उन्हें एक प्रेरणादायक और उत्साही माहौल प्रदान करने के लिए भी था, वे अपने शैक्षिक और पेशेवर जीवन में सफलता की ओर अग्रसर हो सकें। कार्यक्रम का संचालन पप्पू सर ने किया.आयोजन में भूमिका चौधरी, जानकी मैडम, ज्योति मैडम, अल्का मैडम, अर्जुन सर, स्मृति गुप्ता, उर्मिला, जेंसी मैडम, पूजा दीवान समेत समस्त स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

## ग्रामीणों ने मतदान दलों का गर्मजोशी के साथ किया मतदान केंद्र में स्वागत

-संवाददाता-
एमसीबी,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड मनेंद्रगढ़ में 20 फरवरी 2025 को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान होगा। इसके लिए आज जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लालपुर में मतदान दलों को आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और मतदान दलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम लिंगराज सिदार, तहसीलदार यादवेंद्र कैवर्त्य, जनपद सीईओ वैशाली सिंह, वाहन नोडल अधिकारी दयानंद तिग्गा और निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। मतदान दलों के रवाना होने के बाद जब वे अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचे, तो ग्रामीणों ने उनका पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। स्थानीय लोगों के इस गर्मजोशी भरे स्वागत ने लोकतंत्र के इस महापर्व को और भी खास बना दिया। प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है, ताकि मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

### जिले में प्रवेश करने वाले गाड़ियों की अनिवार्य रूप से जांच करने के दिए निर्देश




-संवाददाता-
बलरामपुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के आगामी चरणों में होने वाले चुनाव के सफल आयोजन हेतु तैयारियां जारी है।त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेंद्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव रमनलाल ने विकासखंड रामचंद्रपुर तथा वाड्रफनगर अन्तर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला खजुवाही पारा त्रिशूली, प्राथमिक शाला धनवार, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र धनवार, पूर्व माध्यमिक शाला कोटराही, शासकीय प्राथमिक शाला बहेराडाड़(तुगवां) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्था, आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, की जानकारी ली।

गौरतलब है कि जिले में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई है ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपना मताधिकार का प्रयोग करें। कलेक्टर एवं एसपी ने जिले के अंतरराज्यीय सीमा स्थित विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश बार्डर पर स्थित जांच नाका, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित तुगवां जांच नाका का निरीक्षण कर आम निर्वाचन की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात कर्मचारियों की जानकारी लेते हुए उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। साथ ही कर्मचारियों को नियमित रूप से जिम्मेदारीपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को रात्रि समय सतर्कता से ड्यूटी करने को कहा।इसके लिए चेकपोस्ट पर जिले में प्रवेश करने वाले सभी गाड़ियों की अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए।

## द्वितीय चरण के तहत आज बलरामपुर जनपद क्षेत्र में होगा मतदान

-संवाददाता-
बलरामपुर,19 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के तहत द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के बलरामपुर जनपद पंचायत क्षेत्र में 20 फरवरी को मतदान संपन्न होगा। द्वितीय चरण के मतदान के लिये मतदान दलों को बलरामपुर मुख्यालय अंतर्गत बनाए गए स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री का वितरण कर रवाना किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेंद्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव रमनलाल ने मतदान कर्मियों को किए जा रहे मतदान सामग्री वितरण का जायजा लिया एवं सुचारू रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराये जाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी मतदान सामग्रियों का मिलान कर सम्बन्धित सेक्टर ऑफिसर के नेतृत्व में निर्धारित रुट के बसों के जरिये अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिये रवाना हुए। त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत बलरामपुर जनपद पंचायत क्षेत्र में आम निर्वाचन के लिए 183 मतदान केन्द्र बनाये गये है। जिनमें 768 मतदान कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस क्षेत्र में कुल 83 हजार 737 मतदाता है। जिसमें 41 हजार 456 पुरुष मतदाता एवं 42 हजार 281 महिला मतदाता है जो 20 फरवरी को मतदान दिवस अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर निर्वाचन दायित्व से जुड़े अनुविभागीय अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव, तहसीलदार सुश्री रॉकी एक्का, जनपद सीईओ श्री रणवीर साय सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## स्ट्रांग रूम वाड्रफनगर का लिया जायजा

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेंद्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव रमनलाल ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत जनपद क्षेत्र वाड्रफनगर अन्तर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बनाए गए स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मतदान के एक दिवस पूर्व 22 फरवरी को किए जाने वाले निर्वाचन सामग्री वितरण, मतदान दलों के प्रवेश, उनकी वाहन व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सामग्री वितरण के लिए बनाए जाने वाले काउंटर इत्यादि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने यहाँ सभी आवश्यक सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे मतदान दल आसानी से सामग्री लेकर रवाना हो सकें।मतदान सामग्री वितरण समय पर करने के साथ ही निर्धारित मतदान केंद्रों में मतदान दल समय पर पहुंच जाएं। कलेक्टर ने मतदान दलों के रवानगी और समय पर मतदान केंद्रों पर पहुँचने, समय पर मतदान कराने के साथ ही सुरक्षित वापसी के संबंध में दिशा निर्देश भी दिया।

CMYK

## संक्षिप्त खेल खबर

### 4671 वनडे इंटरनेशनल में पहली बार हुआ ऐसा अमेरिका ने तोड़ दिया टीम इंडिया का वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नईदिल्ली,19 फरवरी 2025।** अमेरिका ने 18 फरवरी को अल अमीरत के अल अमीरत क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 के मुकाबले में ओमान को 57 रनों से हरा दिया। इस मुकाबले में अमेरिका ने भारत का 40 साल पुराना अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया।अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन बनाए, इसके जवाब में ओमान की टीम 65 रनों पर ऑलआउट हो गई। यह पुरुष वनडे इंटरनेशनल इतिहास में किसी टीम द्वारा पूर्ण मैच (जिसमें ओवर ने काटे गए हों) में डिफेंट किया गया सबसे कम स्कोर है।

### जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, एमआई की बल्लेबाजी पूरी तरह से लय में आ जाएगी:मिताली

**वडोदरा,19 फरवरी 2025।** पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गुजरात जायंट्स पर पांच विकेट की आसान जीत में मुंबई इंडियंस के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि यह उद्घाटन सत्र की चैंपियन के लिए व्यापक और प्रभावशाली जीत थी।

संयुक्त गेंदबाजी प्रयास ने आखिरकार मंगलवार को वडोदरा में गुजरात जायंट्स को पांच विकेट से हराकर मुंबई इंडियंस को जीत दिलाई।

# श्रीलंका और वेस्टइंडीज क्यों नहीं खेल रहे आईसीसी टूर्नामेंट

**कोलंबो,19 फरवरी 2025।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का पहला मुकाबला अब से कुछ ही घंटे बाद शुरू हो जाएगा। पहले मैच में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमें आमने सामने होंगी। चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें अफगानिस्तान और बांग्लादेश भी शामिल हैं, जिन्हें अलग अलग ग्रूप में रखा गया है, लेकिन अगर आपके मन में ये बात आ रही है कि श्रीलंका और वेस्टइंडीज की टीमें इसमें क्यों नहीं खेल रही हैं,

#### आठ टीमें ले रही हैं चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा

चैंपियंस ट्रॉफी के साथ ही पाकिस्तान में करीब 29 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की वापसी हो रही है। इससे पहले पाकिस्तान में साल 1996 का वनडे विश्व कप हुआ था। उसके बाद से किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान को नहीं मिली। साथ ही चैंपियंस ट्रॉफी भी करीब आठ साल बाद होने जा रही है, इसलिए इसको लेकर रोमांच बढ़ा हुआ है। इस बार जो आठ टीमें इस टूर्नामेंट का हिस्सा हैं, उसमें भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान हैं। लेकिन इसमें श्रीलंका और वेस्टइंडीज का नाम नहीं है। जबकि ये दुनिया की बेहतरीन क्रिकेट टीमें मानी जाती हैं।

#### वनडे विश्व कप के आधार पर किया जाता है टीमों का फैसला

दरअसल चैंपियंस ट्रॉफी में टॉप की 8 टीमें हिस्सा लेती हैं। ये आठ टीमें कौन सी होंगी, ये काफी कुछ इससे पहले खेले गए वनडे विश्व कप पर निर्भर करता है। इससे पहले साल 2023 में जो वनडे विश्व कप खेला गया था, उसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के अलावा न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका की टीमें सेमीफाइनल में पहुंची थी। यानी चार टीमें तो यहीं से तय हो गईं। पाकिस्तान के पास इस टूर्नामेंट की मेजबानी है, लिहाजा उसकी एंट्री होस्ट के नाते हो गई। यानी अब तक पांच टीमें हो चुकी हैं। इसके अलावा अगर तीन और टीमों की बात करें तो उनका फैसला विश्व की अंक तालिका को देखकर लिया गया।

#### श्रीलंका और वेस्टइंडीज का पत्ता हो गया साफ

वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान की टीम छठे स्थान पर थी। इसके बाद इंग्लैंड ने नंबर सात पर अपने अभियान का समापन किया था। बांग्लादेश की टीम नंबर आठ पर जगह बनाने में कामयाब हुई थी। श्रीलंका ने भी वनडे विश्व कप 2023 खेला था, लेकिन टीम टॉप 8 में नहीं थी। श्रीलंका की टीम इस टूर्नामेंट में नंबर 9 पर थी। इसीलिए उसका पत्ता कट गया। बात अगर वेस्टइंडीज की करें तो वेस्टइंडीज तो वनडे विश्व कप 2023 के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर पाया था। अब आप समझ गए होंगे कि दुनिया की दो धाकड़ क्रिकेट टीम आखिर इस बार के चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा क्यों नहीं हैं।

# मुंबई ने एक ही जीत से लगा दी छलांग

» आरसीबी टॉप पर
» इस टीम का नहीं खुला खाता

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2025।** हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस की टीम ने आखिरकार डब्ल्यूपीएल 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज कर ही ली है। इस जीत के साथ ही मुंबई इंडियंस ने प्वाइंट्स टेबल में लंबी छलांग मार दी है। हालांकि आरसीबी यानी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम अभी भी पहले नंबर पर काबिज है। इस बीच यूपी वॉरियर्स का अभी तक खाता नहीं खुला है। एक भी जीत दर्ज ना करने वाली वो अकेली टीम है।

#### मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को 5 विकेट से हराया

महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स के बीच खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम ने 20 ओवर में 120 रन ही बनाए। टीम का कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर टिककर बल्लेबाजी नहीं कर पाया। हरलीन देवल ने जरूर 32 रन बनाए और वे टीम की सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली खिलाड़ी भी रहीं। इतने छोटे स्कोर को बचाना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट के नुकसान पर 16.1 ओवर में ही 122 रन बनाकर पांच विकेट से ये मैच जीत लिया।

#### मुंबई का नेट रन रेट काफी बेहतर

इस बीच अगर अंक तालिका यानी प्वाइंट्स टेबल की बात करें तो आरसीबी का अभी भी पहले नंबर पर कब्जा है। टीम ने दो मैच खेलकर दोनों जीते हैं, साथ ही उसका नेट रन रेट भी काफी बेहतर है। इस बीच भले ही मुंबई इंडियंस ने दो में से एक ही मैच जीता हो, लेकिन इसके बाद भी उसका नेट रन रेट इतना अच्छा हो गया कि उसने बाकी एक मैच जीतने वाली टीमों को अंक तालिका में पीछे कर दिया है।

#### यूपी वॉरियर्स को खाता खुलने का इंतजार

मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट 0.783 का है। गुजरात जायंट्स ने भी एक मैच जीता है और उसका नेट रन रेट माइनस 0.525 का है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम एक जीत और माइनस 0.882 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में नंबर चार पर है। यूपी वॉरियर्स की टीम ने अभी तक एक ही मैच खेला है और उसमें उसे हार मिली है, इसलिए अभी तक उसका खाता खुलना बाकी है। फिलहाल तो शुरुआत ही हुई है, आने वाले वक्त में जब और मैच होंगे तो इस अंक तालिका में और भी बदलाव दिखाई देंगे।

# अजिंक्य रहाणे का सनसनीखेज खुलासा

#### बीजीटी में कमेंट्री करने का मिला था तगड़ा ऑफर

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2025।** भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे सीनियर बल्लेबाज़ अजिंक्य रहाणे टीम में वापसी के लिए पूरा ज़ोर लगा रहे हैं। घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म में चल रहे रहाणे ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया जिसमें उन्होंने एक सनसनीखेज खुलासा किया और बताया कि उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान कमेंटेटर के तौर पर काम करने का बड़ा ऑफर दिया गया था। रहाणे ने मुंबई को 2023-24 में ईरानी ट्रॉफी का खिताब दिलाया, लेकिन अजीत अगरकर की चयन समिति ने इसके बावजूद उन पर भरोसा नहीं दिखाया। वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में खेले और वेस्टइंडीज दौरे का भी हिस्सा थे। हालांकि, उनके कम स्कोर के कारण उन्हें रेड-बॉल टीम से हटा दिया गया।

# शुभमन गिल ने बाबर आजम की बादशाहत की खत्म



### चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान बने नंबर वन बल्लेबाज

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2025।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल ने आईसीसी द्वारा जारी ताजा बल्लेबाजों की रैंकिंग में टॉप स्थान हासिल किया है। बुधवार को शुभमन गिल आईसीसी वनडे रैंकिंग में नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़कर ये उपलब्धि हासिल की। गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया था और शतक भी लगाया था। चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती दिन ही गिल के नंबर वन बल्लेबाज बनने से भारत को फायदा होगा। टूर्नामेंट में गिल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गिल वनडे में शानदार फॉर्म से गुजर रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 86.33 के औसत से 259 रन बनाए। टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने गिल की तारीफ करते हुए कहा था कि हाल ही में उप-कप्तान बनाए जाने से उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली है।

### हेली मैथ्यूज की बड़ी कमजोरी उजागर हुई, विपक्षी टीमें उठा सकती हैं फायदा

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2025।** विमेंस प्रीमियर लीग 2025 (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रही वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेले मैथ्यूज का प्रदर्शन हाल ही में गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेले गए मैच में शानदार रहा। हालांकि हेले मैथ्यूज एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं, लेकिन बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी के सामने उनकी कमजोरियां डब्ल्यूपीएल में खुलकर सामने आई हैं। वुमेंस प्रीमियर लीग में हेले मैथ्यूज का बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ हेली मैथ्यूज ने 14 पारियों में कुल 91 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 103 गेंदें खेली और 8 बार आउट हुईं। उनका औसत मात्र 11.37 है और स्ट्राइक रेट 88.34, जो कि एक आक्रामक सलामी बल्लेबाज के लिए काफी कम है। बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ उनका डॉट प्रतिशत 53.7 है, जो उनके संघर्ष को साफ दर्शाता है।

# पहले मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा भारत

**नई दिल्ली,19 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के अभियान की शुरुआत 20 फरवरी, गुरुवार से बांग्लादेश के खिलाफ होगी। ये मुकाबला दोनों टीमों के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे से खेला जाएगा। वहीं दोनों टीमों के हालिया रिकॉर्ड्स एक दूसरे से एक दम अलग रहे हैं। टीम इंडिया जहां चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड को 3 मैचों की सीरीज में 3-0 से मात दी थी तो बांग्लादेश को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की डिसक्वालीफाई टीम वेस्टइंडीज ने 3-0 से हरा दिया। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे मुकाबले में जहां टीम इंडिया जीत के साथ आगाज कनरे के इरादे से मैदान पर उतरेगी तो बांग्लादेश अपना प्रदर्शन सुधारना चाहेगी।

# जिस फिल्म को बनाने में पिता हुए फटेहाल, उसी का रीमेकर बनाकर बेटे की चमकी किस्मत

निर्माता-निर्देशक करण जौहर हाल ही में गेम चेंजर्स शो में नजर आए। उन्होंने अपनी लाइफ से जुड़े कई खुलासे किए। इस दौरान उन्होंने अपने एक ऐसे फैसले के बारे में बताया जो उनके पिता से जुड़ा था। करण के पिता यश जौहर ने एक ऐसी फिल्म बनाई थी, जो सिनेमाघरों में पिट गई थी। बाद में इसी फिल्म का रीमेक करण जौहर ने बनाया और ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई। ये फिल्म अग्निपथ थी। अब उन्होंने अपनी सुपरहिट फिल्म अग्निपथ के रीमेक का फैसला लेने के पीछे की प्रेरणा और उसके पीछे की कहानी का खुलासा किया। जब कोमल नाहटा ने पूछा, लेकिन आपने तो एक फ्लॉप फिल्म का रीमेक किया, न कि किसी हिट फिल्म का, लेकिन उसे हिट बना दिया?

इस पर करण जौहर ने कहा, असल में मेरे पिता का दिल टूट गया था, जब अग्निपथ नहीं चली। भले ही फिल्म को जबरदस्त सराहना मिली, हर किसी ने कहा कि यह अमित जी का बेस्ट परफॉर्मेंस था और फिल्म ने नेशनल अवॉर्ड भी जीता, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। यह मेरे पिता के लिए बहुत दुखद था। इसलिए मैंने सोचा कि उनकी याद में मुझे इस फिल्म को दोबारा बनाना चाहिए और उम्मीद थी कि यह अच्छा करेगी। और ऐसा हुआ भी। बता दें, यश जौहर ने साल 1990 में अग्निपथ बनाई थी। इसका निर्देशन मुकुल आनंद ने तिया था। फिल्म में अमिता बच्चन लीड रोल में थे और उन्होंने विजय दीनानाथ चौहान का रोल अदा किया था। फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती, नीलम कोठारी, माधवी, अलोक नाथ जैसे एक्टर अहम किरदारों में थे। कांचा सीना के रोल में डैनी को लोगों ने काफी पसंद किया था। शानदार कास्ट वाली इस फिल्म को बनाने में 28 करोड़ की लागत आई थी, लेकिन इस फिल्म ने सिर्फ 10 करोड़ की ही कमाई की।

#### रीमेक निकला हिट

इसके बाद इस फिल्म का रीमेक बनाया गया,जो 22 साल बाद 2012 में रिलीज हुआ। इस फिल्म में ऋतिक रोशन लीड रोल में थे। उन्होंने विजय दीनानाथ चौहान का रोल प्ले किया। इस रोल को पहले अमिताभ बच्चन ने निभाया था। संजय दत्त कांचा चीना के रोल में थे। ऋषि कपूर ने रौफ लाला का रोल अदा किया और प्रियंका चोपड़ा फिल्म की लीड हीरोइन थीं। कैटरीना कैफ ने अपने आइटम सॉन्ग से फिल्म में जान फूंकी थी। इस फिल्म को बनाने में 71 करोड़ का बजट लगा और इसने 120 करोड़ की कमाई की।

# फिल्म जिद्दी गर्ल्स का ट्रेलर रिलीज

भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो, ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल सीरीज़ जिद्दी गर्ल्स का रोमांचक ट्रेलर रिलीज़ किया। यह सीरीज़ युवाओं की दुनिया का बेहतरीन संगम है, जिसमें बीते दौर की मधुर यादों और आज के दौर की ताजगी का खूबसूरत मेल है। प्रीतिश नंदी कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बैनर तले बनी इस सीरीज़ के निर्माता प्रीतिश नंदी हैं, जबकि इसे रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने क्रिएट किया है। निर्देशन की कमान शोनाली बोस ने संभाली है, और इसे वसंत नाथ व नेहा वीणा शर्मा ने लिखा और निर्देशित किया है। कॉलेज लाइफ की मस्ती, चुनौतियों और भावनात्मक उतार-चढ़ाव को पर्दे पर जीवंत करने के लिए इस शो में प्रतिभाशाली नए कलाकारों अतिया तारा नायक, उमंग भदाना, ज़ैना अली, दिया दामिनी और अनुप्रिया करौली को शामिल किया गया है। इनके साथ ही मशहूर कलाकार सिमरन, नंदिता दास, नंदीश सिंह संधू, लिलेट दुबे और रेवती भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। आठ-एपिसोड की यह ओरिजिनल सीरीज भारत में प्राइम वीडियो पर और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 27 फरवरी को हिंदी में अंग्रेजी उपशीर्षक के साथ प्रीमियर के लिए तैयार है। जिद्दी गर्ल्स का ट्रेलर दर्शकों को सीधे मैटिल्डा हाउस कॉलेज (जिसे एमएच भी कहा जाता है) की दुनिया में ले जाता है, जहां परंपराओं की गहरी जड़ें हैं, लेकिन बदलाव भी अनिवार्य है। एक नई, बेखौफ पीढ़ी यहां कदम रखती है, जो सत्ता को चुनौती देने, बाधाओं को तोडने और अपने भविष्य के लिए लडने के लिए तैयार है। जैसे-जैसे महत्वाकांक्षाएं विरोध से टकराती हैं, तनाव बढ़ता है और पूरा कैंपस विचारधाराओं के संघर्ष का अखाड़ा बन जाता है, लेकिन इस उथल-पुथल के बीच हंसी के पल भी हैं, दिल छू लेने वाले रिश्ते हैं, और ऐसे दोस्त हैं जो हर मुश्किल में साथ खड़े रहते हैं,क्या ये जिद्दी' (निडर) लड़कियां एकजुट होकर अपनी आवाज़ को बुलंद कर पाएंगी और पुराने नियमों को तोड़कर नियमों को पुनः लिखेंगी? निर्देशक शोनाली बोस ने कहा, जिद्दी गर्ल्स सिर्फ एक और कॉलेज ड्रामा नहीं है. यह आज के दौर की युवा महिलाओं के जीवन की एक सच्ची, बिना किसी बनावट की झलक है। हर किरदार को बहुत बारीकी से गढ़ा गया है, उनकी यात्राएं इतनी गहरी और जटिल हैं कि वे हमें किसी न किसी रूप में जाने-पहचाने या अपने जैसे लगते हैं। इन लड़कियों का सफर दोस्तियों, महत्वाकांक्षाओं और निजी संघर्षों से गुजरते हुए एकदम वास्तविक और सार्वभौमिक लगता है और इन कहानियों को जीवंत करने के लिए जो कलाकार साथ आए हैं, उनकी अदाकारी इतनी दमदार है कि हर जीत, हर हार, और हर विद्रोह दर्शकों को असली महसूस होगा। हम इस कहानी को दर्शकों के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हैं और हमें पूरा यकीन है कि जब यह प्राइम वीडियो पर रिलीज़ होगी, तो लोग इससे जुड़ेंगे। यह वही मंच है, जो हमारी तरह ऐसी कहानियों को दिखाने में विश्वास करता है, जो सिर्फ मनोरंजक ही नहीं, बल्कि सार्थक भी हों। लेखक और निर्देशक, नेहा वीणा शर्मा और वसंत नाथ ने कहा, लेखक और निर्देशक के रूप में, हमने गहन शोध किया और अपने स्वयं के कॉलेज अनुभवों में गहराई से उतरकर जिद्दी गर्ल्स को प्रामाणिक, प्रासंगिक और गहराई से जुड़ाव महसूस कराने का प्रयास किया। कॉलेज वह स्थान है जहां हमारी पहचान बनती है - एक ऐसी दुनिया जो संभावनाओं से भरी होती है: दोस्ती गहरी होती है, सपने बड़े होते हैं, और प्रभाव शक्तिशाली होते हैं, जिद्दी गर्ल्स के प्रत्येक किरदार में अपनी अलग चमक और जुनून है, जो इस सीरीज़ को दिल, हास्य और विद्रोही भावना का एक रोमांचक मिश्रण बनाता है। एक शानदार कलाकारों की टीम अनुभवी और नए दोनों के साथ काम करना अद्भुत रहा, क्योंकि उन्होंने इन किरदारों को ऐसे जीवंत किया है, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। शोनाली के सहयोग ने कहानी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इशिता और रंगिता के साथ मिलकर इस शानदार शो को बनाना अविश्वसनीय रहा, और हम इसके लिए प्राइम वीडियो के बेहद आभारी हैं, जिन्होंने हर कदम पर हमारा साथ दिया। हम दर्शकों के इस ऊर्जावान और विचारोत्तेजक दुनिया में खो जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जब यह सीरीज़ 27 फरवरी को दुनियाभर में प्रीमियर होगी।

CMYK

# द्वितीय चरण के मतदान राज्य के 43 विकासखण्डों में आज होगा मतदान

» सभी तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित कर ली गई हैः राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह

» प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा मतदान तथा बस्तर संभाग में प्रातः 6.45 से दोपहर 2 बजे तक होगा मतदान

**रायपुर,19 फरवरी 2025(ए)।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 तीन चरणों में संपन्न हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी को नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु तारीखों की घोषणा की गई थी। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने बताया कि निर्वाचन हेतु सभी तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित कर ली गई है। उन्होनें बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन हेतु जारी कार्यक्रम अनुसार 27 जनवरी को त्रिस्तरीय पंचायत हेतु निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर 03 फरवरी 2025 दिन सोमवार को दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। अभ्यर्थिता से नाम वापस 06 फरवरी 2025 दिन गुरूवार को 3 बजे तक ली गई तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना तथा निर्वाचन प्रतीकों के आबंटन के लिए 06 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई थी।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि मतदान दिवस के दिन ही मतदान केन्द्रों में मतगणना की जायेगी। सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत के मामलों में खण्ड स्तर पर प्रथम चरण हेतु 19 जनवरी को की जा चुकी है। द्वितीय चरण हेतु 22 फरवरी को एवं तृतीय चरण हेतु 25 फरवरी को प्रातः 9 बजे से की जायेगी। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय पर प्रथम चरण हेतु 20 फरवरी, द्वितीय चरण हेतु 23 फरवरी एवं तृतीय चरण हेतु 25 फरवरी को की जायेगी।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि द्वितीय चरण में 20 फरवरी को राज्य के 43 विकासखण्डों में मतदान होगा। जिन विकासखण्डों के द्वितीय चरण में मतदान होना है-उसमें जिला बिलासपुर के विकासखण्ड बिल्हा, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के विकासखण्ड पेण्ड्रा, जिला मुंगेली के विकासखण्ड लोरमी, जिला जांजगीर- चांपा के विकास खण्ड नवागढ़, जिला सक्ती के विकास खण्ड मालखरौदा, जिला कोरबा के विकास खण्ड पोड़ी-उपरोड़ा, जिला रायगढ़ के विकासखण्ड खरसिया एवं धरमजयगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकासखण्ड बिलाईगढ़, जिला सूरजपुर के विकासखण्ड रामानुजनगर एवं प्रेमनगर, जिला बलरामपुर के विकासखण्ड बलरामपुर, जिला सरगुजा के विकासखण्ड सीतापुर एवं मैनपाट, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़, जिला जशपुर के विकासखण्ड जशपुर एवं मनोरा, दुलदुला तथा कुनकुरी शामिल है।

इसी तरह जिला रायपुर के विकासखण्ड धरसींवा एवं तिल्दानेवरा, जिला बलौदाबाजार के विकासखण्ड कसडोल, जिला गरियाबंद के विकासखण्ड छुरा, जिला महासमुन्द के विकासखण्ड पिथौरा एवं बागबहरा, जिला धमतरी के विकासखण्ड कुरूद, जिला दुर्ग के विकासखण्ड पाटन, जिला बालोद के विकासखण्ड बालोद, जिला राजनांदगांव के विकासखण्ड छुरिया, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के विकासखण्ड खैरागढ़, जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के विकासखण्ड मोहला, जिला कबीरधाम के विकासखण्ड बोड़ला एवं पण्डरिया, जिला कोण्डागांव के विकासखण्ड फरसगांव एवं माकड़ी, जिला बस्तर के विकासखण्ड बस्तर एवं लोहण्डीगुड़ा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के विकासखण्ड भानुप्रतापपुर, एवं दुर्गूकोंदल, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिला के कटेकल्याण तथा जिला सुकमा के छिन्दगढ़ एवं बीजापुर जिला के विकाखण्ड भोपालपटनम एवं ऊसूर शामिल हैं।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### मंत्रालय में हुआ फेरबदल

» संयुक्त सचिव और 7 उपसचिवों के विभागों में बदलाव

**रायपुर,19 फरवरी 2025(ए)।** सामान्य प्रशासन विभाग ने मंत्रालय कैडर के दो संयुक्त सचिवों और 7 उपसचिवों के विभागों में फेरबदल किया है। इस बदलाव में शामिल उपसचिवों में से 2 राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। इसके अलावा, मंत्रालय में पदस्थ अवर सचिवों और अनुभाग अधिकारियों को भी नई पोस्टिंग दी गई है। इस फेरबदल में अधिकांश हाल ही में पदोन्नत अवर सचिवों को नए प्रभार सौंपे गए हैं, जबकि दोहरे प्रभार वाले पुराने अवर सचिवों को एक-एक विभाग से मुक्त किया गया है।

### फायरिंग में कांग्रेस कार्यकर्ता घायल



**रायपुर,19 फरवरी 2025(ए)।** रायपुर के कोटा इलाके में चांदनी चौक स्थित ओशियन डिफेंस अकादमी के पास आधी रात के समय हुई एयरगन फायरिंग ने हड़कंप मचा दिया। यह घटना पार्षद चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के जश्न के दौरान हुई। ओशियन डिफेंस अकादमी के संचालक नंदकिशोर ने एयरगन से फायरिंग की, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ता भूपेश चंद्राकर के कमर में छर्रा लगा और वह घायल हो गया।

### हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद स्टेट बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम हुआ तय

**बिलासपुर,19 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के स्टेट बार एसोसिएशन का चुनाव पिछले 5 साल से नहीं हो रहा है। इसके चलते होने वाली परेशानी को देखते हुए हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दायर की थी। इस मामले को लेकर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच के समक्ष सुनवाई हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ स्टेट बार कौंसिल के सिकरेट्री ने शपथ पत्र पेश करते हुए बताया कि चुनाव का कार्यक्रम तय हो गया है।

### 5 साल से हो रहा था चुनाव का इंतजार

### जवानों ने 3 वर्दीधारी महिला नक्सलियों को किया ढेर

**इंसास,एसएलआर और 3-नॉट-3 हथियार बरामद**

**राजनांदगांव,19 फरवरी 2025(ए)।** हॉक फोर्स के जवानों ने मध्यप्रदेश के नक्सलग्रस्त बालाघाट के कान्हा किसली नेशनल पार्क के अंदरूनी जंगल में एक मुठभेड़ में 3 महिला नक्सलियों को ढेर कर दिया। आज सुबह 11 बजे कान्हा किसली के मुक्की क्षेत्र में हॉक फोर्स के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। लगभग डेढ-दो घंटे चली फायरिंग में जवानों की गोली से 3 वर्दीधारी महिला नक्सली मारी गई। मुठभेड़ में ढ़ेर हुई महिला नक्सलियों की शिनाख्ती नहीं हुई है।

### गांजा तस्करी करने वाले आरक्षक और उनके परिजनों की संपत्ति होगी फीज

**बिलासपुर,19 फरवरी 2025(ए)।** ट्रेन से गांजा तस्करी करने वाले जीआरपी आरक्षक और उनके परिजनों की आय से अधिक संपत्ति को मुंबई की साफेमा कोर्ट ने फीज करने का फैसला सुनाया है। आरोपियों की लगभग डेढ़ करोड़ की संपत्ति फीज कर दी गई है।

## अब 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन खुली रह सकेंगी दुकानें

### बस ये होंगी नई शर्तें

**रायपुर,19 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने दुकान और स्थापना अधिनियम में बड़ा बदलाव करते हुए नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत अब राज्य में दुकानें 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन खुली रह सकेंगी। हालांकि, इसके लिए शर्त यह है कि दुकान मालिकों को अपने कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश देना अनिवार्य होगा। पुरानी व्यवस्था के तहत दुकानों को सप्ताह में एक दिन बंद रखना जरूरी था। नए नियम के तहत, अब दुकानों का पंजीयन नगर निगम की बजाय श्रम विभाग करेगा। यह कानून केवल उन दुकानों और स्थापनाओं पर लागू होगा, जहां 10 या अधिक कर्मचारी काम करते हैं। इससे राज्य के छोटे दुकानदारों को राहत मिलेगी, क्योंकि उन पर यह नियम लागू नहीं होगा। श्रम विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। नए नियम के तहत, पात्र दुकानों और स्थापनाओं को 6 महीने के भीतर पंजीयन कराना होगा।

पंजीकृत दुकानें नए अधिनियम में स्वतः शामिल हो जाएंगी। इस नए कदम से व्यापारियों को अधिक लचीलापन मिलेगा और उपभोक्ताओं को भी सुविधा होगी। साथ ही, कर्मचारियों के हितों का भी ध्यान रखा गया है, क्योंकि उन्हें साप्ताहिक अवकाश मिलना सुनिश्चित किया गया है। यह निर्णय राज्य के व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## झूठा प्रचार फैलाया गया

**प्रयागराज महाकुम्भ पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बोले**

**बेमेतरा,19 फरवरी 2025(ए)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मृत्यु कुंभ टिप्पणी पर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने अपनी प्रतिक्रिया दी।



उन्होंने कहा, 300 किलोमीटर का ट्रैफिक जाम था, अगर यह प्रबंधन की असफलता नहीं तो फिर क्या है? लोगों को अपना सामान लेकर 25-30 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा... स्नान के लिए आने वाला पानी सीवेज के पानी से मिला हुआ था और वैज्ञानिक इसे स्नान के लायक नहीं मानते, फिर भी आप करोड़ों लोगों को उसमें नहलाने के लिए मजबूर कर रहे हैं... आपका काम था कि कुछ दिनों के लिए नालों को रोकना या उन्हें मोड़ना ताकि लोगों को शुद्ध पानी मिल सके... आपको 12 साल पहले पता था कि कुंभ 12 साल बाद आएगा, फिर इसके लिए कोई प्रयास क्यों नहीं किया गया... जब पहले से ही पता था कि इतने लोग आएंगे और जगह सीमित है, तो इसके लिए योजना बनानी चाहिए थी... आपने कोई योजना नहीं बनाई...झूठा प्रचार फैलाया गया, 144 साल की बात ही झूठ है... भीड़ प्रबंधन और आतिथ्य के सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया...जब लोग मरे तो उन्हें छिपाने का प्रयास किया गया, जो एक गंभीर अपराध है। ऐसी स्थिति में, अगर कोई इसे नाम देता है, तो हम इसका विरोध नहीं कर सकते...।

## बस्तर राजमहल में 107 साल बाद बजेगी शहनाई

**देशभर से 100 राजघराने बनेंगे बाराती**

**जगदलपुर,19 फरवरी 2025(ए)।** बस्तर राजमहल ऐतिहासिक विवाह समारोह का साक्षी बनने जा रहा है। 107 वर्षों बाद गद्दी पर आसीन किसी राजा का विवाह राजमहल में संपन्न होगा। बता दें बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव की शादी 20 फरवरी को मध्यप्रदेश के किला नागौद के महाराजा शिवेंद्र प्रताप सिंह की पुत्री, महाराजकुमारी भुवनेश्वरी कुमारी के साथ होने जा रही है। इस भव्य आयोजन में देशभर के 100 से अधिक राजघराने शिरकत करेंगे।

## राजधानी में आवारा कुत्तों का आतंक

» 6 साल के बच्चे को घेरकर हमला किया

» सिर की चमड़ी खा गए कुत्ते

» पूरे शरीर में काटने के निशान

**रायपुर,19 फरवरी 2025(ए)।** रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई शहरों में आवारा कुत्तों का आतंक फैलता ही जा रहा है। एक ऐसी ही घटना राजधानी के दलदलसिवनी में आया है। यहां झुंड में घूम रहे आवारा कुत्तों ने 6 साल के बच्चे पर हमला कर दिया, जिससे बच्चा बुरी तरह जख्मी है और उसका इलाज चल रहा है। इसकी जानकारी लगते ही पिता ने कुत्तों के झुंड से भीड़कर वासु कश्यप को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार दलदलसिवनी के आर्मी चौक के पास बच्चे खेल रहे थे, तभी कुत्तों के झुंड ने बच्चों पर हमला कर दिया। कुत्तों के अचानक हमला करने से बच्चे भागने लगे। उसी दौरान घर के बाहर साइकिल चला रहा 6 साल का वासु कश्यप सड़क में गिर गया। बताया गया कि यह घटना 13 फरवरी की शाम है, लेकिन इसकी जानकारी 19 फरवरी को लगी।

कुत्ते वासु को ही नोचने लगे और घसीटते हुए उसे सड़क के खाली प्लॉट में ले गए और वहां उसे नोचते रहे। जिससे बच्चे के शरीर, हाथ, पैर, सिर, पीठ में गहरे जख्म हो गए हैं। कुत्ते 10 मिनट तक वासु कश्यप को नोचते रहे, जिससे उसके सिर से चमड़ी तक निकल गई। शरीर पर 100 से ज्यादा छोटे-बड़े जख्म हो गए हैं।

इस दौरान बच्चा खून से बुरी तरह लथपथ था और उसे तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है।

### कोका कोला के एचआर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर,19 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में कोका-कोला कोल्डड्रिंक बनाने के सीक्रेट फॉर्मूला को चुराने का मामला सामने आया है। फैक्ट्री प्रबंधन ने एचआर पर फॉर्मूला चुराकर फरार होने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट पर सिरगिट्टी पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## पंचायत चुनाव बैलेट से हुआ इसलिये भाजपा पिछड़ गयीःसुशील आनंद शुक्ला

» भाजपा का दावा झूठा पंचायत चुनावों के पहले चरण में कांग्रेस को भाजपा से बढ़त

» कांग्रेस के 78 और भाजपा के 69 जिला पंचायत सदस्य चुनाव जीते है

» कांग्रेस समर्थित 2100 सरपंच और 600 जनपद सदस्य चुनाव जीते है

**रायपुर,19 फरवरी 2025(ए)।** राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया कि प्रदेश भर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के प्रथम चरण में कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत के सदस्य अधिक संख्या में चुनाव जीत कर आये है। पूरे प्रदेश के जिला पंचायतों में प्रथम चरण के 149 क्षेत्रों में कांग्रेस के 78 समर्थित चुनाव जीत कर आये है। 69 कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार तथा 9 कांग्रेस समर्थित है, जबकि भाजपा के मात्र 66 सदस्य ही चुनाव जीत पाये है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा झूठा दावा कर रही है कि पंचायतों में उसके ज्यादा लोग चुनाव जीतकर आये है, जबकि हकीकत यह है पंचायत चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से बढ़त मिली हुई है। कांग्रेस के प्रथम चरण में भाजपा से 12 सदस्य ज्यादा चुनाव जीते है।

संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पंच, सरपंचों और जनपदों में भी कांग्रेस समर्थित अधिक लोग चुनाव जीतकर आये है। प्रदेश भर में प्रथम चरण में 3605 सरपंचों में 2100 से अधिक सरपंच कांग्रेस समर्थित चुनाव जीते है। जनपद पंचायतों में भी 911 में से 600 से अधिक जनपद सदस्य कांग्रेस के चुनाव जीते है।

## छत्तीसगढ़ में फिर नकाबपोशों की बड़ी डकैती का पर्दाफाश

**लोरमी,19 फरवरी 2025(ए)।** फिल्मी स्टाइल में डकैती का दुस्साहस केवल राजधानी और बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं रह गया है। गांव में भी बाकायदा पूरी प्लानिंग के साथ इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। ताजा घटना लोरमी ब्लॉक के मसना की है, जहां नकाबपोशों ने पूर्व प्रधान पाठक के घर से एक किलो चांदी, 10 तोला सोने के आभूषण सहित तीन लाख रुपए नगदी लेकर फरार हो गए। घटना को लेकर पीड़ित पूर्व प्रधान पाठक द्वारिका दास वैष्णव ने बताया कि रात करीबन 8 बजे उनकी पत्नी और बच्चा की मौजूदगी में नकाबपोशों ने घर का दरवाजा खटखटाया. दरवाजा खोलते ही तीन नकाबपोश अंदर घुसते ही उनकी कनपटी पर बंदूक सटाकर घर में रखे सामान और नगदी रकम को निकालने कहा। डकैती के दौरान नकाबपोशों ने बुजुर्ग दंपती के हाथ बांध दिए थे। जानकारी के अनुसार, इस घटना को 6 लोगों ने अंजाम दिया. तीन लोग घर के बाहर मोटरसाइकिल को चालू कर घर के अंदर डकैती करने गए,वहीं तीन आरोपी बाहर निगरानी कर रहे थे. डकैती को अंजाम देने के बाद 6 आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि बेटी की शादी के लिए उन्होंने जो गहने और नगदी रकम घर में रखे थे, डकैत उसे भी लेकर फरार हो गए. डकैती की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि सूचना अनुसार, इस घटना को तीन आरोपियों ने अंजाम दिया है। पूरे मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जा रही है ।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)